CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, बुधवार 10 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका
पेज 2




एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल
खेल टाइम्स



श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल
सम्पादकीय



मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़
पेज 12

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

### पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

**1500 कैदी जेलों से बाहर निकले**

काठमांडू, वार्ता

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

### भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 - 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 - 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

### एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



## सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

## पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

## AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

- वकील ने कहा- उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।




## कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सॉल्वर गैंग चलाने वाले डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं को लेकर सॉल्वर गैंग चला रहे गिरोह के सरगना के रूप में शामिल एक डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया है। गिरफ्तार डॉक्टर की तैनाती वर्तमान में जनपद बलिया के बांसडीह सीएचसी पर है। पुलिस ने डॉक्टर सहित उसके गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की गिरफ्तारी उसके अन्य साथी की गिरफ्तारी के बाद हुई है। दरअसल बीते छह व सात सितम्बर को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से सम्पन्न पीईटी-2025 की परीक्षा प्रदेश के 45 जनपदों में सम्पन्न कराई गई थी। इनमें सबसे ज्यादा परीक्षार्थी लखनऊ व गाजियाबाद में थे। परीक्षा की शुचिता को लेकर एसटीएफ व पुलिस की सॉल्वर गैंग चलाने वाले लोगों पर थी।

### ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

# जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ताधर्ता स्वयं मुख्यमंत्री: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानकों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जांच वहां से शुरू हो, जहां के कर्ता धर्ता स्वयं मुख्यमंत्री हैं।

यादव ने सोमवार देर शाम एक्स पर लिखा- जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे हैं, तो कुछ उनकी भी सलाह मान लें। लगे हाथ सभी राज्य विश्वविद्यालयों की कमान मुख्यमंत्री के हाथ में होने का फरमान जारी कर दें। उन सभी वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी-साथियों की पर्ची के लेनदेन से पदों पर बैठे हैं। विवि के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण मारने की जांच हो। इसकी भी गहरी जांच हो कि नाट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) कैसे पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी की पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजना में घपले की जांच हो।

बुनियादी सुविधाओं के लिए दिया गया फंड डकारने वालों की जांच हो। फर्जी डिग्री विवाद का इन्वेस्टिगेशन हो। निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के कालेधन की जांच हो। विश्वविद्यालय के मानकों को धता बतानेवालों की जांच हो। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि अच्छा हो कि जांच की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जांच वहां से शुरू हो जहां के कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री आप स्वयं हैं।

# जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं: शुभांशु

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा: आसमान न कभी मेरे लिए सीमा था और न ही मेरे वतन के लिए

**लखनऊ।** ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिए सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होंने कहा कि जीवन केवल मंजिल तक पहुंचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य जरूरी हैं, सपने जरूरी हैं, योजनाएं जरूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र- छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता।

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी जिंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डा. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएं, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं। शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एनडीए, भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुंचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएं। हां, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हंसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए, जिन्होंने आपको सफलता से ज्यादा सिखाया। वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा कि आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं, जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज देने का आदेश उचित: अदालत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निदेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

# हैरान करती है धनखड़ की 50 दिन की खामोशी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस में कहा है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 50 दिन से चली आ रही चुप्पी हैरान करती है और उनकी यह खामोशी उनके स्वभाव के विपरीत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि धनखड़ का स्वभाव इतनी देर तक चुप्पी साधना नहीं है। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उनकी खामोशी सबको हैरान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि पिछले 50 दिनों से जगदीप धनखड़ ने अप्रत्याशित चुप्पी साध रखी है। आज जब उनके उत्तराधिकारी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है, तब भी देश उनके ऐतिहासिक और अप्रत्याशित इस्तीफे पर बयान का इंतजार कर रहा है।

### राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में 23 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए न्यायालय में मंगलवार को गवाह से जिरह की गई। प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने 23 सितम्बर की तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों में लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 314.02 अंक (0.39 प्रतिशत) की बढ़त में 81,101.32 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.45 अंक की मजबूती के साथ 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका में दो संघीय अदालतों द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आपातकालीन प्रावधानों के तहत 1 अगस्त से लगाए गए मनमाने आयात शुल्क को अवैध करार देने के बाद निवेशकों में आयात शुल्क दोबारा कम होने की उम्मीद जगी है। उन्होंने आईटी कंपनियों में जमकर लिवाली की। सेंसेक्स में इंफोसिस का शेयर 5.03 प्रतिशत उछल गया। टेक महिंद्रा का शेयर 2.42 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.78 और टीसीएस का एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स में भी 2.40 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स 342.39 अंक की तेजी के साथ 81,129.69 अंक पर खुला और पूरे दिन सीमित दायरे में रहा। यह नीचे 80,927.97 अंक और ऊपर 81,181.37 अंक तक गया। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 90.95 अंक चढ़कर 24,864.10 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,814 अंक और उच्चतम स्तर 24,891.80 अंक रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी के अलावा एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टर में भी निवेशकों ने अच्छी लिवाली की। तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और टाटा स्टील में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### कौशल महोत्सव 2025 का आयोजन लखनऊ में 16-17 सितम्बर को

**नई दिल्ली।** कौशल एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय के तत्वावधान में लखनऊ में 16-17 सितम्बर को कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 से अधिक नियोक्ता भाग लेंगे। मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया, कौशल महोत्सव 2025 इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा, लॉजिस्टिक्स और प्रबंधन जैसे उद्यमों में कार्यरत 100 से ज्यादा शीर्ष नियोक्ता हज़ारों अवसरों के साथ लखनऊ आ रहे हैं। इसमें देश भर से प्रतिभाओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मंत्रालय का कहना है कि हर हुनर को एक अवसर, हर सपने को एक मंच मिले, इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत के कोने-कोने से प्रतिभाओं के लिए अवसर प्रदान करेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितम्बर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पुराना लोहा पुल खोला गया

■ जलस्तर बढ़ने के बाद से था बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोगों को लिए राहत भरी खबर है। यमुना नदी का जलस्तर घटने के बाद मंगलवार यानी ९ सितंबर को पुराना लोहा पुल को वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

इससे पहले, यमुना का जलस्तर बढ़ने की वजह से पुल से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया था। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अभी तक लोहा पुल के पास लगे टेंट को नहीं हटाया गया है क्योंकि यहां अभी भी बाढ़ से प्रभावित लोग रह रहे हैं। यमुना के जलस्तर से प्रभावित लोगों के लिए प्रशासन ने सुविधाएं बढ़ा दी हैं। मयूर विहार फेज-एक और डीएनडी के पास 20 टेंट अतिरिक्त लगाए गए हैं। ताकि लोगों को परेशानी न हो। बारिश की वजह से लोगों को काफी समस्या हो रही थी। लोग इंतजार में हैं खादर में पानी खादर क्षेत्र में कब कम होगा और वह अपने घरों को लौटेंगे।

मयूर विहार विहार फेज-एक में राहत शिविर में रह रहे शिव शंकर ने बताया कि पहले प्रभावित लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। प्रशासन से शिकायत की गई थी। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए टेंट की संख्या बढ़ा दी गई है। पहले लाइट की व्यवस्था नहीं थी। अधिकतर टेंट में लाइट दी गई है। पुराना लोहा पुल के पास टेंट में रह रहे संदीप ने कहा कि यमुना का जलस्तर घटने लगा है। खादर क्षेत्र में पानी घट रहा है। वहां पानी घटते ही लोग अपना सामान लेकर वापस झुग्गियों में चले जाएंगे।

उत्तर पूर्वी जिलाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि जल स्तर से प्रभावित हुए लोगों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। उनके रहने व खाने-पीने समेत अन्य सुविधाएं प्रशासन ने उपलब्ध करवाई हुई है। वह खुद एसडीएम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। राहत शि. विरों में जा रहे हैं। लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं के बारे में सुन रहे हैं। दिन व रात दोनों समय में प्रशासन के अधिकारी लोगों की सुविधा के लिए हाजिर हैं। जिलाधिकारी ने हिदायत दी कि जल स्तर भले ही घट रहा है, लेकिन यमुना के किनारे पर जाना किसी खतरे से खाली नहीं है। लोग अभी बोटिंग न करें।

## लिफ्ट में करंट, मजदूर की मौत, साथी बाल बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में लिफ्ट में करंट आने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि साथी बाल बाल बच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमन विहार पुलिस को दोपहर १२ बजकर ५४ मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि पॉकेट-१, सेक्टर-२१, रोहिणी में लिफ्ट में दो लोग फंसे हैं, एक को बाहर निकाल लिया गया है, पर एक आदमी की मौत हो गई, करंट से, जिसकी लाश अभी भी लिफ्ट में फंसी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर, एक व्यक्ति लिफ्ट बेस के अंदर बेहोश पड़ा मिला, जहाँ पानी जमा हो गया था। जिसको बाहर निकालकर तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गा। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान इमरान के रूप में हुई। शुरूआती जांच में पता चला कि लगातार रिसाव के कारण लिफ्ट बेस में पानी जमा हो रहा था। इमारत के निवासियों ने इमरान (ठेकेदार) नामक एक व्यक्ति को बुलाया था, जिसने लीकेज की जाँच के लिए विक्की और इमरान नामक दो मजदूरों को तैनात किया था। दोनों लिफ्ट बेस में घुस गए और रिसाव बिंदु की पहचान करने के लिए दीवार से प्लास्टर हटाना शुरू कर दिया। काम के दौरान, इमरान (मजदूर) अचानक बिजली का झटका लगने से काँपने लगा। जब सहकर्मी विक्की ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो उसे भी बिजली का झटका लगा, लेकिन वह किसी तरह बच निकला। हालाँकि, इमरान अंदर ही फँसा रहा और बिजली का झटका लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने एफएसएल की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये।

# एनडीएमसी स्कूलों में पेशेवर खेल कोचिंग शुरू करने की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर अवसर देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। परिषद ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत पेश. ेवर खेल कोचिंग शुरू करने का निर्णय लिया है।

इसके तहत बच्चों को खेल की बारीकियों को जानने के लिए विशेष कोच नियुक्त किए जाएंगे। इस पहल का मकसद है कि एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र केवल अकादमिक पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेलों में भी निखरे और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। एनडीएमसी के स्कूल परिसरों और खेल मैदानों में कोचिंग दी जाएगी।

कोचिंग देने वाली अकादमियों को एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों के छात्रों को एक-तिहाई सीटें रियायती दरों पर देनी होगी, जबकि शेष सीटें शुल्क आधारित प्रवेश के लिए होंगी। फीस ऑनलाइन जमा होगी और त्रैमासिक भुगतान की सुविधा होगी। इस मॉडल की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि एनडीएमसी पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं आएगा। इससे मौजूदा व्यवस्था में होने वाले ४५ लाख रुपये सालाना खर्च की बचत होगी और अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा।

प्रस्ताव के अनुसार, ३० दिनों के भीतर निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ६० दिनों के भीतर एजेंसियों का चयन कर लिया जाएगा और ९० दिनों के भीतर खेल कोचिंग केंद्रों को शुरू कर दिया जाएगा। उसके वित्त और विधि विभाग ने भी इस मॉडल पर अपनी सहमति दे दी है और स्पष्ट किया है कि सभी सीवीसी दिशा निर्देशों का पालन होगा। शिक्षा विभाग को आरएफपी प्रक्रिया लागू करने, एजेंसियों का चयन करने और समझौते निष्पादित करने का अधिकार सौंपा गया है।

## महिला को डिजिटल अरेस्ट 25.30 लाख जमा करवाए, पकडा

**नई दिल्ली।** टेलीफोन कॉल करके खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर पैसे ऐंठने के बहाने भोले-भाले लोगों को ठगने वाले साइबर ठग परगना, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रहने वाले शैशव दास को रोहिणी साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया सेक्टर 24, रोहिणी में रहने वाली महिला आशा वाधवानी ने आरोप लगाया कि पांच दिसम्बर २८ को, वह अपनी बीमार मां से मिलने मुंबई गई थी।

# मुख्यमंत्री ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग स्थित हैदरपुर क्षेत्र में मुनक नहर हादसे में दिवंगत हुए दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार मृतक बच्चों के परिवारों को ५-५ लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्थिक सहायता की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर प्रभावित परिवारों तक जल्द से जल्द राशि पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए नहरों और अन्य संवे. दनशील स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मुनक नहर के आसपास के इलाके को सुरक्षित बनाने के प्रयास शुरू हो गए हैं। मुनक नहर के रखरखाव की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार के पास है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग स्थित हैदरपुर क्षेत्र में मुनक नहर हादसे में दिवंगत हुए दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करते हुए।

## एक नजर

### पास्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया




**नई दिल्ली।** एथलीट मीट जॉन 6 मार्च पास्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया अधिकारी अतिथि आरडीई ईस्ट के श्री कृपा शंकर डीडीई नॉर्थ ईस्ट श्री बीएस अग्रवाल डीडीई ज़ोन 6 अलका चौधरी अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य इस प्रतियोगिता में लगभग 39विद्यालयों के छात्र और छात्राएं शामिल हुए छात्रों में प्रथम स्थान पर सर्वोदय बाल विद्यालय जे एंड के ब्लॉक दिलशाद गार्डन और छात्राओं में सर्वोदय कन्या विद्यालय मंडोली प्रथम स्थान पर रहे।

### कार्बन-न्यूट्रल सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस आयोजित

**नई दिल्ली।** यूनेस्को दिल्ली कार्यालय के डॉयरेक्टर और भारत, भूटान, श्रीलंका और मालदीव के प्रतिनिधि डॉ. टिम कर्टिस ने कहा कि शिक्षा सिर्फ हर व्यक्ति का मूल अधिकार नहीं है, बल्कि यह बेहतर भविष्य बनाने की ताकत भी है। उन्होंने अमृता विश्व विद्यापीठ में हुए इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल एंड रेजिलेंट फ्यूचर्स (आईसीएसआरएफ) में यह बात कही।

यह कॉन्फ्रेंस अमृता स्कूल फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर्स, यूनेस्को चेयर ऑन एक्सपीरिऐंशियल लर्निंग फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन एंड डेवलपमेंट और इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन एंड रेजिलिएंट फ्यूचर्स ने मिलकर आयोजित की । इस चार दिन के कार्यक्रम में 20 से ज्यादा देशों से करीब 1,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 80 से ज्यादा एक्सपर्ट लेक्चर, हैकाथॉन, संगोष्ठी, वर्कशॉप्स और पेपर प्रेजेंटेशन हुए।

### लखनऊ में दिखेगा निशानची का रंग

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप चेन्नई के बाद अब अपनी सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म निशानची के प्रमोशन के लिए लीड कास्ट ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो संग नवाबों के शहर कहे जाने वाले लखनऊ का दौरा करने जा रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते ही यह लगातार सुर्खियों में बनी हुई है, ऐसे में 12 सितंबर को होने वाला यह दौरा उत्साह को और बढ़ाने वाला है।

निशानची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है और इससे पहले ही इंडस्ट्री में इसे लेकर जबरदस्त चर्चा का माहौल बना हुआ है। ट्रेलर को न सिर्फ दर्शकों ने सराहना मिल रही है बल्कि अमिताभ बच्चन, आयुष्मान खुराना जैसे कई बड़े नामों ने भी इसकी तारीफ की है।

### 30 से ज्यादा देशों में रिलीज होगी 'कंतारा चैप्टर 1'

**नई दिल्ली।** होम्बले फिल्म्स ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया है कि उनकी सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्म 'कंतारा: चैप्टर 1' पूरी दुनिया में रिलीज की जाएगी। इस तरह से फिल्म को भारत ही नहीं बल्कि कुल 30 से ज्यादा देशों के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

यह दुनिया भर में भारतीय कहानियों के लिए सच में एक गर्व का पल है। ऋषभ शेट्टी द्वारा डायरेक्टेड 'कंतारा चैप्टर 1' अब सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं रहने वाला। यह फिल्म एक साथ दुनिया के कई बड़े इंटरनेशनल मार्केट्स जैसे सऊदी अरब, कतर, कुवैत, बहरीन, ओमान, कनाडा, रूस, बेलारूस, यूक्रेन, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, फिजी, मॉरीशस, कैरेबियन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसे देशों में रिलीज किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष की सीएम से अपील, बाढ़ प्रभावित परिवार को मुआवजा दे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता (एलओपी) आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली में बाढ़ प्रभावित हजारों परिवारों को तत्काल आर्थिक मदद करने की अपील की है। आतिशी ने मांग की है कि प्रभावित परिवारों के हर वयस्क को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर १८ हजार रुपए दिए जाएं। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, उन्हें २० हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। जैसे ''आप'' की पंजाब सरकार ने पहले ही वहां के किसानों को इस तरह की सहायता देने की घोषणा कर चुकी है।

आतिशी ने कहा कि बाढ़ में बच्चों की किताबें, पाठ्य पुस्तकें, दस्तावेज भी बह गए हैं। लिहाजा, बच्चों को बिना देरी किए नोटबुक और पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए और बाढ़ में बह गए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को दोबारा बनाने के लिए विशेष राहत शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में पानी, बिजली, साफ-सफाई और खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रभावित परिवार बहुत दुखी हैं, उनका बहुत नुकसान हुआ है। सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। प्रभावित लोग भय और अनिश्चितता में जी रहे हैं। उनकी चिंता ये है कि क्या सरकार उनको मदद करेगी?

## डिजिटल गोल्ड निवेश योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** इनक्रेड ग्रुप की रिटेल वेल्थ-टेक शाखा, इनक्रेड मनी ने एमएमटीसी- पीएएमपी के साथ मिलकर डिजिटल गोल्ड और सिल्वर निवेश योजना शुरू करने की घोषणा की है। एमएमटीसी- पीएएमपी यह स्विस कंपनी पीएएमपी एसए और भारत सरकार की एकमात्र एलबीएमए मान्यता प्राप्त गुड डिलीवरी और गोल्ड एंड सिल्वर रिफाइनर, एमएमटीसी के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इस योजना में भारतीय नागरिकों को मात्र 10 रुपये के निवेश से दैनिक बचतकर्ता बनाना है। इस बाबत इनक्रेड मनी के सीईओ विजय कुप्पा ने कहा, लोगों को बचत शुरू करने के लिए, एक सुविधाजनक और आसान तरीका चाहिए।

मंगलवार को डिजिटल प्रेसवार्ता कर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि इस बार मानसून में दिल्ली में बाढ़ आई है। दिल्ली में बाढ़ के कारण हजारों परिवारों के घर में पानी भर गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से कहा कि मैं इन सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों की तरफ से मदद की अपील करती हूं।

# बाढ़ पीड़ितों के नाम पर राजनीति को शर्मनाक कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की बाढ़ प्रभावित लोगों के कैंपों में सुविधाओं के साथ ही दिल्ली के किसानों को मुआवजे को लेकर आम आदमी पार्टी नेताओं खासकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना की शर्मनाक ब्यानबाजी की कड़ी भर्त्सना की है।सचदेवा ने कहा है की आज आतिशी मार्लेना एवं अन्य ष्आप नेता किसानों के साधारण बाढ़ प्रभावितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही हैं पर १० साल तक सत्ता में रहने के दौरान इन्हीं ष्आप नेताओं ने २०१५, २०१६ एवं २०२३, २०२४ में कुदरत की मार से पीड़ित दिल्ली के किसानों को खुद कोई सहायता देना तो दूर केन्द्र की सहायता भी बाधित की।

कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने २०१० में दिल्ली का कृषि राज्य दर्जा समाप्त कर दिया और दिल्ली के किसान १० साल तक ष्आप की अरविंद केजरीवाल सरकार से कृषि राज्य दर्जा वापस देने की मांग करते रहे पर अरविंद केजरीवाल ने एक नही सुनी। केजरीवाल सरकार द्वारा कृषि राज्य दर्जा वापस ना करने से दिल्ली में किसान को ट्रेक्टर एवं अन्य कृषि उपकरणों पर छूट नही मिलती।



पर्यावरण मंत्री वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर विंटर एक्शन प्लान पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# पर्यावरण मंत्री ने की वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावी मार्गदर्शन में, दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक व्यापक, साल भर चलने वाली रणनीति का नेतृत्व कर रही है, जिसमें नए और सतर्क उपाय शामिल हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 30 हितधारक एजेंसियों के प्रति. निधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शीतकालीन २०२५ वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्य योजना के लिए तैयारी के निर्देश दिए जाएं, जिससे पूरी व्यवस्था अक्टूबर से फरवरी तक के पीक प्रदूषण महीनों के लिए तैयार रहे।

बैठक में विभिन्न श्रेणियों में 17 प्रमुख कार्रवाई बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जहां विभागों ने मंत्री को चल रहे कार्यों की जानकारी दी और समय पर निष्पादन के लिए स्पष्ट निर्देश प्राप्त किए। व्यापक चर्चा में सड़कों और खुले क्षेत्रों से धूल प्रदूषण नियंत्रण, मिस्ट के छिड़काव और पानी छिड़काव यंत्रों की खरीद और तैनाती, निर्माण और डेमोलिशन स्थलों पर धूल प्रबंधन, प्रदूषण संचय रोकने के लिए क्लाउड सीडिंग जैसे पायलट प्रोजेक्ट,खाली प्लाटों पर लग रही आग पर नियंत्रण और पराली जलाने की रोकथाम, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण लागू करना, उत्सर्जन कम करने के लिए ग्राउंड स्टाफ के लिए इलेक्ट्रिक हीटर तैनात करना, बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना, लैंडफिल में आग रोकना और पुराने कचरे का बायो-माइनिंग से प्रबंधन, समर्पित प्रवर्तन टीमों का गठन, जन जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देना, ग्रीन वॉर रूम और नागरिक ऐप्स को मजबूत करना, और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के समग्र कार्यान्वयन को बढ़ावा शामिल रहा।

# जीटीबी मेडिकल कॉलेज को मिला बम का फर्जी ई-मेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा स्थित जीटीबी मेडिकल कॉलेज में बम होने की खबर के बाद कॉलेज में दहशत का माहौल बन गया, आनन- फानन में पुरे कॉलेज को खाली कराया गया ओर बिल्डिंग के चप्पे- चप्पे की जांच की गयी स जब कॉलेज की बिल्डिंग में कोई बम नहीं मिला तब अस्पताल प्रशासन ओर पुलिस ने राहत की सांस ली स सूचना महज एक अफवाह थी,इस अफवाह को फैलाने के पीछे किसका का मकसद था यह जांच का विषय है स

मंगलवार को यूसीएमएस कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस ( जीटीबी मेडिकल कॉलेज ) में ई मेल द्वारा बम होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद प्रशासन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, सूचना के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा ओर मेडिकल कॉलेज से सभी छात्रों को बाहर निकाला गया स बम निरोधक दस्ते मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग की अच्छी तरह से जांच की ओर उन्हें वहां कोई



विस्फोटक प्रदार्थ नहीं मिला स शाहदरा डिस्ट्रिक्ट पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब ११ बजे जीटीबी मेडिकल कॉलेज में बम होने की ई-मेल द्वारा कॉलेज प्रशासन को मिली थी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिना किसी अफरातफरी के कॉलेज से सभी छात्रों व स्टाफ को बाहर निकाला गया, बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) को बुलाया गया जिसने करीब १.३० बजे दोपहर तक बिल्डिंग के सभी स्थानों को जांचा ओर कोई विस्फोटक सामग्री नही मिली स

जीटीबी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ धीरज शाह ने बताया ई- मेल द्वारा कॉलेज में बम होने की सूचना मिली थी,मेल में लिखा था किसी पर कार्रवाई ना होने से नाराज होकर यह कदम उठाया है।

कॉलेज में बम होने की सूचना फर्जी थी, कॉलेज की बिल्डिंग का बम निरोधक दस्ते द्वारा जांचने के बाद दोबारा से छात्रों की क्लास शुरू कर दी गयी थी स

# स्वाद के चक्कर में नुक्सान दे रहा फास्ट फूड: डॉ. विवेका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिज्जा, बर्गर, चाउमिन, फ्रेंच फ्राइज और कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजें बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहली पसंद बन चुकी हैं। यह चीजें खाने में स्वादिष्ट जरूर होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं? इनका सेवन शरीर के लिए कितना हानिकारक हो सकता है? जी हां, ज्यादा मात्रा में फास्ट फूड खाने से बढ़ता वजन, दिल की बीमारी, डायबिटीज और पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। मैक्स मेडिसिटी साकेत के कैथ लैब डायरेक्टर डॉ. विवेका कुमार के अनुसार फास्ट फूड में फैट और कैलोरी ज्यादा होती है। रोजाना इसका सेवन शरीर में चर्बी जमा कर सकता है, जो मोटापा का कारण बन सकता है।

फास्ट फूड में ट्रांस फैट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. रोजाना इसका सेवन कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाकर दिल से जुड़ी बीमा. रियों का खतरा बढ़ा सकता है। फास्ट फूड में फाइबर कम होता है. ऐसे में इसका सेवन पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे कब्ज, गैस, और अपच का कारण बन सकता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. No.DEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जिला एमएमजी अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी व आईसीयू के साथ अब प्राइवेट रूम की सुविधा

**गाजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल में मरीजों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत हो गई है। अब यहां प्राइवेट रूम उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस होंगे।

इस पहल से आम जनता को किफायती दरों पर बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी और उन्हें महंगे प्राइवेट अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। जिला एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में कुल 6 प्राइवेट रूम बनाए गए हैं। इन कमरों में एयर कंडीशनिंग, बेडसाइड मॉनिटरिंग, ऑक्सीजन सप्लाई, टीवी, वाई-फाई जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा, मरीजों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रत्येक प्राइवेट रूम का शुल्क मात्र 500 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है, जो सरकारी अस्पताल की सुविधाओं के अनुरूप ही है। डॉ. सिंह ने कहा, "अब तक कई मरीज असुविधा के कारण प्राइवेट अस्पतालों का रुख करते थे, जहां खर्च बहुत अधिक होता है। लेकिन अब जिला अस्पताल में ही प्राइवेट रूम की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयोगी होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

हमारा उद्देश्य है कि सभी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ हो।"एमएमजी जिला अस्पताल, जो ग्रैंड ट्रंक रोड पर घंटा घर के पास स्थित है, गाजियाबाद का प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य केंद्र है।

यहां ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू और विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। इस नई सुविधा की शुरुआत से अस्पताल की क्षमता में वृद्धि होगी, और मरीजों को गोपनीयता तथा आराम की कमी महसूस नहीं होगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये रूम पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर बुक किए जा सकेंगे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। एक मरीज के परिजन ने कहा, "सरकारी अस्पताल में प्राइवेट रूम की सुविधा मिलना वाकई एक बड़ी राहत है। इससे हमारा खर्च बचेगा और इलाज भी अच्छा मिलेगा।" अस्पताल प्रशासन ने अपील की है कि मरीज बुकिंग के लिए अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर 0120-2730038 पर संपर्क करें।

# रणवीर दहिया ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दिए 2 लाख 51 हजार रुपये

## सहायता राशि का चेक जयंत चौधरी को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह के निर्देशानुसार पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह दहिया ने 251,000 का चेक राहत कार्यों के लिए समर्पित करते हुए जयंत चौधरी को सौंपा। इस विषय पर रणबीर दहिया ने कहा कि इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। राष्ट्रीय लोकदल परिवार सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हुआ है और उनकी सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि चौधरी जयन्त सिंह जी के नेतृत्व में एकजुटता है राष्ट्रीय लोकदल की ओर से यह सहायता राशि



पीड़ितों के प्रति हमारी एकजुटता और सहानुभूति का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों की सहायता करें।

## राजीव कॉलोनी में अवैध निर्माण पर चला जीडीए बुलडोजर

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने एक बार फिर अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई की। डीएलएफ कॉलोनी टोल टैक्स के पास स्थित जावेद पाशा के अवैध निर्माण और रोयल होटल की तीन मंजिला इमारत पर जीडीए का बुलडोजर चला। कार्रवाई दोपहर 1 बजे से शुरू हुई, जिसमें मौके पर जीडीए अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार, संबंधित स्थान पर लंबे समय से अवैध निर्माण का सिलसिला जारी था। जीडीए की टीम पहले भी तीन बार यहां ध्वस्तीकरण कर चुकी थी, लेकिन हर बार ढांचे को हटाए जाने के बाद दोबारा निर्माण कर लिया जाता था।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बेसिक इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने बी.डी.एस चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बेसिक इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कोर्स सी.डब्ल्यू.एम. इम्प्लांट्स, साउथ कोरिया के सहयोग से संचालित हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम आई.टी. एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को बेसिक इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे मरीजों के मिसिंग दांतों को



इम्प्लांट्स के जरिए लगाया जा सके और मरीजों को समग्र उपचार प्रदान कर सकें।

इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ रवि बत्रा थे, जिन्हें ओरल इंप्लांटोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान प्राप्त है और वह नियमित रूप से इस तरह के कोर्स संचालित कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान डॉ बत्रा ने सभी प्रतिभागियों को बेसिक इम्प्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की, जिसमें निदान और उपचार योजना, हड्डी की बनावट, ऑस्सीओइंटेग्रेशन, इम्प्लांट के सूक्ष्म और मैक्रो डिजाइन और स्यूचरिंग, ड्रिलिंग प्रोटोकॉल, मॉडल्स पर इम्प्लांट प्लेसमेंट, हैंड्स-ऑन शामिल थे। डॉ बत्रा ने सभी प्रतिभागियों को व्यापक रूप से इम्प्लांट किट के परिचय के साथ-साथ सर्जिकल प्रोटोकॉल और सही इम्प्लांट सिस्टम चुनने के बारे में ज्ञान दिया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए सी. डब्ल्यू.एम. इम्प्लांट किट का उपयोग करके डमी मंडीबल्स पर ऑस्टियो टॉमी हैंड्स ऑन एवं मरीज पर इम्प्लांट प्लेसमेंट करके एक लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया।

यह कोर्स डॉ गीता शर्मा, प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के संचालन में आयोजित किया गया, जिसमें अन्य दंत विभागों की फैकल्टी सदस्यों ने भी लेक्चर प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को बेसिक इंप्लांटोलॉजी के बारे में नीवनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## भू-माफियाओं पर सख्त नंदकिशोर गुर्जर, एनकाउंटर की मांग

**लोनी।** लोनी क्षेत्र में तेजी से बढ़ते जमीन कब्जा और खरीद-फरोख्त में ठगी के मामलों पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी को पत्र लिखकर भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर तक की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र की प्रति पुलिस आयुक्त को भी भेजी है और विशेष टीम गठित कर भू-माफियाओं के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की अपील की है। गुर्जर का कहना है कि जनता दरबार में उन्हें लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि भू-माफिया खासकर गरीब हिंदू परिवारों को निशाना बना रहे हैं। सोशल मीडिया और एजेंटों के जरिए भोले-भाले लोगों को फंसाकर जमीन दिलाने के नाम पर ठगी की जाती है। विधायक ने आरोप लगाया कि भू-माफियाओं की मिलीभगत पुलिस और एसीपी ऑफिस के कुछ कर्मचारियों से भी संदिग्ध है। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई न होना इसकी पुष्टि करता है। विधायक नंद किशोर गुर्जर की प्रमुख मांगों में भू-माफिया एक्ट के तहत दोषियों पर तुरंत कार्रवाई, जरूरत पड़ने पर एनकाउंटर की कार्यवाही, विशेष टीम गठित कर भू-माफियाओं का नेटवर्क तोड़ा जाना, दोषियों की गिरफ्तारी कर क्षेत्र में कानून- व्यवस्था और न्याय बहाली, लोनी विधायक के इस कड़े रुख से इलाके की राजनीति और पुलिस प्रशासन दोनों में हलचल तेज हो गई है।

# गिन्नी देवी कॉलेज में शिक्षक दिवस व एनटीटी प्रथम वर्ष का विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मोदीनगर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एन.टी.टी. प्रथम वर्ष का विदाई समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एन.टी.टी. निदेशक डिंपल मैडम के निर्देशन एवं कॉलेज की प्राचार्या पूनम शर्मा मैडम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि प्राचार्या पूनम शर्मा मैडम, रिशिका पांडेय, नूतन मैडम तथा सभी सम्मानित अध्यापकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिम्मेदारी प्रमुख एवं मुख्य प्रस्तोता गरिमा पंवार ने किया, जिनका सहयोग आयुषी,



राधिका, मानशी और सलोनी ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मुस्कान, आयुषी, मानशी, चंचल, अवंतिका, प्राची और खुशबू ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं लीना ने अपने मधुर गीत से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेलों और मनोरंजक गतिविधियों ने भी कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा भर दी। छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावनात्मक भाषण, कविताएँ और प्रस्तुतियाँ दीं। विदाई समारोह के अंतर्गत एन.टी.टी. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और जूनियर्स ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में प्राचार्या पूनम शर्मा ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और एन.टी.टी. छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह दिन शिक्षक सम्मान और छात्राओं की भावनात्मक विदाई के रूप में अविस्मरणीय बन गया।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** एसोसिएशन फोर ह्युमैनिटेरियन डोक्टरस विदाउट बोर्डरस एवं निफा गाजियाबाद ने संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुहल्ला कोट चोपाल में आयोजित किया गया, जहाँ अनुभवी ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदान एकत्र करने में सहायता की गई। रक्तदान शिविर में 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 14 लोग रक्तदान कर महादानी बने।

रक्तदान शिविर का उद्देश्य चिकित्सा उपचार और आपात स्थितियों में रक्त की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करना था। यह जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य किया। इस अवसर




पर अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ए एच डी डब्ल्यू बी के प्राइमरी हेल्थ केयर डायरेक्टर डॉ फहीम सैफी ने कहा कि दोनों संगठन मानवहित कार्यों हेतु प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी बराबर इस तरह के आयोजन सफलतापूर्वक कराने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर निफा गाजियाबाद कोषाध्यक्ष सीदू अल्वी, शहीद अहमद, मोहसिन भादोली, इरफान, राहुल, राकेश शर्मा, आबिद गाजी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन ने हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाल ही में हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कविनगर रामलीला ग्राउंड से शुरू हुआ, जहां स्थानीय निवासी काली पट्टी बांधकर नगर निगम के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन पर मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले से ही महंगाई और आर्थिक बोझ से जूझ रही जनता पर यह 300 से 400 फिसदी की टैक्स वृद्धि किसी भी तरह उचित नहीं है। उनका कहना था कि बिना किसी ठोस आधार और जनसहमति के अचानक हाउस टैक्स की दरों में इजाफा किया गया है, जिससे आम नागरिकों पर अनावश्यक दबाव पड़ा है। रामलीला ग्राउंड से रैली के रूप में निकले प्रदर्शनकारियों ने कविनगर जोनल कार्यालय पहुंचकर प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट मांग की गई कि हाउस टैक्स में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और नारेबाजी के जरिए अपना गुस्सा जताया।

# सुरेविन स्कूल ने वर्ल्ड रोबोटिक चैंपियनशिप में जीत हासिल कर रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) के रोबोटिक्स दल ने हाल ही में हैदराबाद में दो दिवसीय आयोजित नेशनल वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर श्सुरेविन रोबो रंबल्सश टीम ने उत्तर भारत क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया।

इस ओलंपियाड में देश भर की 130 से अधिक टीमों में से उभर कर सुरेविन के होनहार विद्यार्थियों वंशिका, वेदांश और



अनन्या यादव ने अपनी रचनात्मकता, समस्या- समाधान क्षमता और टीमवर्क के बल पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। स्कूल प्रबंधन तुषार गुप्ता व डॉक्टर शिखा दरबारी ने इस उपलब्धि को छात्रों की लगन, रचनात्मकता, और टीमवर्क के साथ-साथ उनके मेंटर्स और प्रशिक्षकों और उनके अभिभावकों के निरंतर मार्गदर्शन के सहयोग का परिणाम बताया।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि ने केवल विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है बल्कि आने वाली पीढ़ी को नवाचार की दिशा में प्रेरित करने वाला मील का पत्थर भी है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। छात्रों ने देश भर के शीर्ष विद्यालयों और अकादमियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी अद्वितीय योग्यता का प्रदर्शन किया और सफलता का परचम लहराया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन
## नंदकिशोर गुर्जर ने बताया भाजपा का संकल्प

**गाजियाबाद।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत लोनी के कारवां बैंक्वेट हॉल में जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अभियान सह-संयोजक गजेंद्र मावी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले गढ़ी कटैया अंडरपास पर भाजपा नेताओं और सभासदों ने पंकज सिंह का भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान पुष्पवर्षा और तलवार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चौनपाल सिंह ने जानकारी दी कि सेवा पखवाड़ा के तहत लोनी क्षेत्र में कई जनसेवी कार्यक्रम होंगे। इनमें प्रमुख रुप से रक्तदान शिविर, सीएचसी/पीएचसी केंद्रों पर स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान, हर शक्ति केंद्र पर विशेष कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रबुद्ध सम्मेलन, दिव्यांगजन को उपकरण वितरण, विधायक/सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं शामिल रही। अपने संबोधन में पंकज सिंह ने कहा, "देश को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में मजबूत नेतृत्व मिला है। भाजपा के लिए सेवा का अर्थ है जनता की सेवा। हमारे संगठन के कार्यक्रम 365 दिन जनता के लिए चलते रहते हैं, जबकि अन्य राजनीतिक दल केवल चुनावों में सक्रिय होते हैं।

# आईटीएस मोहननगर में नवप्रवेशी छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर में आईटीएस के स्नातक परिसर में बीबीए पाठ्यक्रम के 30वें बैच तथा बीसीए पाठ्यक्रम के 29वें बैच के सत्र 2025-28 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए भव्य समारोह के साथ नव सत्र का शुभारम्भ हुआ। इस तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम (प्रारम्भ -2025) का औपचारिक रूप से उद्‌घाटन आई0 टी0 एस -द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, एस के श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईएएस, चेयरमैन स्टैंडिंग कमेटी, स्टेट इलेक्शन कमिश्नर्स, दिल्ली ), डॉ सिंधु भास्कर (चेयरमैन एंड फाउंडर ईएसटी ग्रुप, कैंब्रिज इन्नोवेशन सेंटर एम्आईटी, बोस्टन, यूएसए एंड फोर्ब्स कॉउन्सिल मेंबर), पंकज कुमार पटोदी (हेड ऑफ सप्लाई चैन मैनेजमेंट, गोडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड), डॉ आर पी त्रिपाठी (सीनियर टेक्निकल कंसलटेंट, आल इंडिया कॉउन्सिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन - AICTE, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ऑफ भारतीय योग संस्थान इंडिया ), आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के डायरेक्टर (पीआर) सुरेंदर सूद, स्नातक परिसर एवं आईटी के निदेशक प्रो (डॉ) सुनील कुमार पांडेय, उपप्रधानाचार्य डॉ नैन्सी शर्मा, बीबीए पाठ्यक्रम के चेयरपर्सन प्रो आदिल खान एवं बीसीए पाठ्यक्रम की चैरपरसन




डॉ विदुषी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वल्लित कर किया।

इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं से उनके भविष्य के सपनो के बारे में पूछा और सपनो को पूरा करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करने और उसे निरंतर प्रयास से प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप मे एस के श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईएएस, चेयरमैन स्टैंडिंग कमेटी, स्टेट इलेक्शन कमिश्नर्स, दिल्ली ) ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किये और विभिन्न उदाहरण देते हुए कहा कि सबसे पहले वो अपने आप को पहचाने और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़े, अपने लिए। लार्निंग करें और फोकस होकर प्रयास करते रहे।

गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप मे उपस्थित डॉ सिंधु भास्कर (चेयरमैन एंड फाउंडर ईएसटी ग्रुप, कैंब्रिज इनोवेशन सेंटर एम्आईटी, बोस्टन, यूएसए एंड फोर्ब्स कॉउन्सिल मेंबर) ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों से कहा कि आत्मविश्वास, निरंतर प्रयास, स्वअभिप्रेरण, भाषा शैली, अभिव्यक्ति एवं भावनाओं पर नियंत्रण से जीवन में सफलता प्राप्त करें। कीनोट स्पीकर के रूप मे उपस्थित पंकज कुमार पटोदी (हेड ऑफ सप्लाई चौन मैनेजमेंट, गोडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड) एवं डॉ0 आर पी त्रिपाठी (सीनियर टेक्निकल कंसलटेंट, आल इंडिया कॉउन्सिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन -AICTE, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ऑफ भारतीय योग संस्थान, इंडिया ) ने कहा कि आज के समय मे प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ स्मार्ट तरीके से मेहनत करते हुए अपना, अपने परिवार का, समाज का और देश का नाम रोशन करें। उपप्रधानाचार्या प्रो नैंसी शर्मा ने तीन दिन चलने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम की रूप रेखा पर चर्चा करते हुए नवागंतुक छात्रों को भविष्य मे आगे बढ़ते रहने और सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में नवप्रवेशी छात्र , उनके अभिभावक, संस्था के संकाय सदस्यगण एवं छात्र उपस्थित रहे। इसके पश्चात् नवप्रवेशी छात्रों से संस्था के संकाय सदस्यों से परिचय भी कराया गया। अपरान्ह में आईटीएस संस्थान के छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

## संबंध विच्छेद

मैं जुबैदा पत्नी इसरा बेग निवासी- म.नं- 1027, प्रेमनगर लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र शोहराब व पुत्रवधु नाजमा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सब्जी मंडी इलाके में चार मंजिला इमारत ढही

**नई दिल्ली।** सब्जी मंडी थाना इलाके में सोमवार देर रात एक चार मंजिला जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दो सौ गज में बना यह मकान काफी दिन से खाली पड़ा था और घटना के समय भी उसमें कोई मौजूद नहीं था। दमकल विभाग के मुताबिक रात करीब ३.०५ बजे सब्जी मंडी इलाके में इमारत गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल, स्थानीय पुलिस के साथ बचाव और राहत की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने उस समय राहत महसूस की जब पता चला कि निगम ने जर्जर इमारत को खतरनाक घोषित किया हुआ था और इसमें कोई रह रहा था। मलबे की चपेट में आने से आस पास खड़ी गाड़ियों को नुकसान हुआ है।

# सचिवालय व मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एक बम विस्फोट करने की धमकी संबंधित ईमेल मिला। ईमेल में एमएएमसी और मुख्यमंत्री सचिवालय में बम धमाके की धमकी दी गई है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस की ओर से मानक संच. ालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के मुताबिक तत्काल और समन्वित कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस और बम निरोधक दस्ता एमएएमसी और सचिवालय परिसर की गहन जांच कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि दोनों स्थानों पर मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि धमकी वाले ईमेल के प्रारंभिक मूल्यांकन से पता चला है कि यह पहले भेजे गए ऐसे फर्जी ईमेल से मिलता-जुलता है। आशंका है कि यह संदेश किसी अन्य राज्य के किसी स्थान के लिए भेजा गया हो सकता है। इस मेल को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सहित पुलिस के तमाम अधिकारी दोनों जगहों की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं। जिले की साइबर सेल धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति और प्रामाणिकता की जांच में जुट गई है। डीडीएमए, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल सेल सहित संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है और वह कार्रवाई में शामिल हो गए हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, धमकी के संबंध में एक अलग कॉल भी प्राप्त हुई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर कई दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि धमकी भरे ईमेल में एमएएमसी और मुख्यमंत्री सचिवालय दोनों में संभावित विस्फोट का उल्लेख था। मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के तहत तत्काल और समन्वित कार्रवाई की गई और दोनों जगहों पर बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने वाली टीमों (बीडीडीटी) को तैनात किया गया। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने कहा कि अतिरिक्त डीसीपी (मध्य), एसीपी कमला मार्केट और एसएचओ आईपी एस्टेट सहित वरिष्ठ अधिकारी सचिवालय में तोड़फोड़-रोधी जाँच की निगरानी कर रहे थे।

# सीबीएसई : प्राइवेट छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नियमित स्कूल जाने वाले छात्रों की एलओसी (लिस्ट ऑफ कैंडिडेंट) पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अब बोर्ड दसवीं व बारहवीं के प्राइवेट छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। पंजीकरण करने की अंतिम तिथि ३० सितंबर है। पंजीकरण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कराया जा सकता है।

प्राइवेट छात्र ऑनलाइन फॉर्म्.बइेम.दपब.पद के माध्यम से भर सकते हैं। इस संबंध में बोर्ड ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। छात्रों को फॉर्म भरने के लिए ३० सितंबर तक पांच विषयों के लिए १६०० रुपये फीस का भुगतान करना होगा। जबकि यदि कोई एक विषय की परीक्षा देना चाहता है तो ३२० रुपये का भुगतान करना होगा। अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने के लिए भी प्रति विषय ३२० रुपये का भुगतान करना होगा।

प्रैक्टिकल फीस के लिए १२वीं के छात्रों को प्रति प्रैक्टिकल १६० रुपये शुल्क चुकाना होगा। ३० सितंबर तक आवेदन नहीं कर सके प्राइवेट छात्र लेट फीस के साथ तीन अक्तूबर से ११ अक्तूबर तक आवेदन कर सकेंगे। लेट फीस के रूप में छात्रों को २००० रुपये अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होगा।

### फूड आउटलेट में लगे एसी में ब्लास्ट, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना विहार में बीती रात एक हादसा हो गया। जहां एक फूड आउटलेट के ग्राउंड फ्लोर पर लगे एसी के कम्प्रेसर में अचानक धमाका हुआ। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत जीटीबी अस्पताल में भर्ती किया गया। दिल्ली फायर सर्विस को देर रात इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल तीन दमकल की गाड़ियां भेजी।

फायर सर्विस ने आग पर काबू पा लिया है। लेकिन धमाके के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी को विस्फोट का कारण माना जा रहा है।

# अफ्रीकी मूल की छह वर्षीय बच्ची से दरिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिगड़ी इलाके में एक अफ्रीकी मूल की छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ३० अगस्त को हुई इस घटना के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी जो उसी इमारत में रहता है के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के तिगड़ी थाना क्षेत्र में अफ्रीकी मूल की एक छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना ३० अगस्त की है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ३० अगस्त को तिगड़ी थाना पुलिस को शिकायत मिली कि एक छह वर्षीय बच्ची के साथ उसी इमारत में रहने वाले एक युवक ने दुष्कर्म किया है। आरोपी भी अफ्रीकी मूल का है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और पुष्टि होने पर बीएनएस की धारा ७४ और पॉक्सो अधिनियम की धारा १० के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



मुख्यमंत्री डीएम, एसडीएम, सब रजिस्ट्रार के साथ बैठकर कर विचार-विमर्श करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने राजस्व अधिकारियों की सराहना की, उन्हें सरकार की इमेज बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीएम, एसडीएम, सब रजिस्ट्रार आदि (राजस्व विभाग) के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि आपको ईमानदारी, जनहित व पारदर्शिता से काम करना चाहिए, क्योंकि आपकी इमेज के साथ ही सरकार की इमेज भी तय होती है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि आपने कांवड़ यात्रा व बाढ़ के दौरान उल्लेखनीय काम कर उदाहरण पेश किए हैं। उम्मीद है कि इस तरह के कार्य आगे भी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इन उच्च अधिकारियों से यह भी कहा कि आपके सही निर्णय के साथ वह आपके साथ हें। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए शीघ्र ही वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत हर वर्ष उन अधिकारियों और विभागों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव धमेंद्र, डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल व अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी दी और बताया राजधानी को सही मायनों में 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए तेज गति से मेहनत करनी होगी।

इसके लिए आप लोगों के सहयोग से प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर उन अधिकारियों की सराहना कि जिन्हांने राजधानी में बाढ़ जैसी आपात स्थिति को संभालने और कांवड़ यात्रा प्रबंधन में २४ घंटे समर्पण भाव से काम लिया।

### रिश्वत के नोट पब्लिक में उछाले, पकडा गया एएसआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस शाखा ने हौज काजी थाना में तैनात एएसआई राकेश कुमार को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके क्षेत्र के डिवीजन अधिकारी एएसआई राकेश उसे झूठे मामले में न फंसाने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को,सीता राम बाजार,हौज काजी में रहने वाले शिकायतकर्ता ने विजिलेंस विभाग से संपर्क किया। बताया कि एएसआई राकेश कुमार ने उनको दोपहर साढ़े १२ बजे रिश्वत देने के लिए थाने में बुलाया है।

# दो नाबालिगों की चाकू गोदकर हत्या, भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में बीती रात दो गुटों में हुए झगड़े में दो नाबालिगों ने एक दूसरे की चाकू गोदकर हत्या कर दी। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वारदात के बाद इलाके में हत्याओं को लेकर काफी रोष हैं। लोगों ने बकायदा बैनर लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में चार नाबा. लिगों को भी पकड़ा है। जानक. ारी के मुताबिक नरेला औद्योगिक क्षेत्र को बीती रात सब्जी मंडी स्कूल, ए ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास दो पक्षों के बीच चाकूबाजी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी खून पड़ा था। पता चला कि पांच नाबालिगों को चाकू लगे हैं। जिनको महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने १९ साल के मोहम्मद रहीमुल और १६ साल के मोहम्मद इमरान शेख को मृत घोषित कर दिया। जिनके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। इसके अलावा डॉक्टरों ने एक अन्य नाबालिग अब्दुला (१९) की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसको दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। जांच में पता चला कि झगड़े में एक गुट में मोहम्मद रहीमुल और उसका १३ साल का भाई जबकि दूसरे गुट में मोहम्मद इमरान और अब्दुल्ला (१९) था। सभी जे जे कॉलोनी बवाना इलाके में परिवारों के साथ रहते हैं।

अब्दुला और मोहम्मद रहीमुल के भाई के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, कहासूनी व हाथापाई के बीच झगड़ा आगे चलकर चाकूबाजी में बदल गया था, जिसमें तीन घायल हो गए थे। पुलिस ने प्राथमिक जांच में क्रॉस एफआईआर दर्ज करके करीब चार नाबालिगों को भी पकड़ा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त किये हैं।

बोला था,रात को पापा आपके पास ही सोऊंगा-पिता

मेरा बेटा इमरान तो सोमवार को ही हरियाणा स्थित हॉस्टल से घर आया था। देर शाम को इमरान स्कूटी लेकर घर की तरफ निकला था। उसने कहा था पापा मैं स्कूटी घर छोडकर आ रहा हूँ। रात को आपके पास ही सोऊंगा। पिता बोकुल शेख ने बताया कि बाद में पता चला कि इमरान खून से लथपथ हालत में पेट पकडकर घर पर पहुंचा था। बस अपनी मां को आवाज देकर बेहोश हो गया था। घर पर उसकी मां और बेटी ही थी। इमरान के पेट से काफी खून बह रहा था। जिसको तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### रेपिडो चालक की चाकू गोदकर हत्या की

**नई दिल्ली।** के एन काटजू मार्ग इलाके में बीती रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने रेपिडो चालक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी बाइक छोडकर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके आरो. पियों की पहचान करने की को. शिश कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वारदात के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक युवक की पहचान रजब खान के रूप में हुई है।

# सितम्बर ने दिखाया अपना रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगलवार को दिल्ली में चिलचिलाती धूप ने लोगों का बाहर निकलना मुहाल कर दिया। ऐसे में हीट इंडेक्स ४४ डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। गर्मी और उमस के चलते दिल्लीवासियों को दिनभर तपिश का सामना करना पड़ा। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से २.३ अधिक के साथ ३७ .६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से १.२ डिग्री सेल्सियस कम के साथ २५ .९ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीते २४ घंटे में हवा में नमी का स्तर ९२ से ५३ फीसदी रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए भी हल्की स्तर की वर्षा होने की संभावना जताई है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३५ और २५ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस नई दिल्ली फैक्स न. 011-23384008
ई-मेल पता storesnrch@gmail.com

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82255056 | डिजिटल रेडिओग्राफी (डी आर) विद डिजिटल टोमोग्राफी सिस्टम मशीन (एनेक्सर ए स्पेसिफिकेशन एज पर पीडीऍफ अटैच्ड) | 01 | 03.10.2025 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. इंजेक्शन और दवाएं दिनांक – 09.09.2025

2735/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ






स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह नि:शुल्क 'लिवर हेल्थ कैंप' व परामर्श शिविर के उद्घाटन अवसर पर।

### 13 सितम्बर को दिल्ली में लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने मिलकर 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया है। जहां नोटिस और चालान का निपटारा आसानी और छूट के साथ वाहन चालक कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत दिल्ली के सात कोर्ट कॉम्प्लेक्स पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, तीस हजारी, राउज एवेन्यू, द्वारका, साकेत और रोहिणी लगेगी। जहां चालान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भर सकेंगे।


**विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि / संचालन अवधि में निम्नानुसार बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | पूर्व अधिसूचित तिथि | आवृत्ति | चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 03697 गया जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 15.09.2025 | सप्ताह में 5 दिन | रविवार, वीरवार को छोड़कर | 16.09.2025 से 29.11.2025 तक |
| 03698 दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 16.09.2025 | सप्ताह में 5 दिन | सोमवार, शुक्रवार को छोड़कर | 17.09.2025 से 30.11.2025 तक |
| 03257 दानापुर – आनन्द विहार (ट) सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 10.08.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 05.10.2025 से 30.11.2025 तक |
| 03258 आनन्द विहार (ट) – दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 11.08.2025 | साप्ताहिक | सोमवार | 06.10.2025 से 01.12.2025 तक |
| 03311 धनबाद जं. – चण्डीगढ़ जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 12.09.2025 | सप्ताह में 2 दिन | मंगलवार शुक्रवार | 16.09.2025 से 28.11.2025 तक |
| 03312 चण्डीगढ़ जं. – धनबाद जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 14.09.2025 | सप्ताह में 2 दिन | वीरवार रविवार | 18.09.2025 से 30.11.2025 तक |
| 05219 मुजफ्फरपुर जं. – आनन्द विहार (ट) स्पेशल एक्सप्रेस | 13.09.2025 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.2025 से 29.11.2025 तक |
| 05220 आनन्द विहार (ट) – मुजफ्फरपुर जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 14.09.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 19.10.2025 से 30.11.2025 तक |
| 05575 सहरसा जं. – आनन्द विहार (ट) स्पेशल एक्सप्रेस | 10.09.2025 | साप्ताहिक | बुधवार | 17.09.2025 से 10.12.2025 तक |
| 05576 आनन्द विहार (ट) – सहरसा जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 16.09.2025 | साप्ताहिक | मंगलवार | 23.09.2025 से 16.12.2025 तक |
| 05579 पूर्णियाँ कोर्ट – आनन्द विहार (ट) – स्पेशल एक्सप्रेस | 15.09.2025 | सप्ताह में 04 दिन | सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 16.09.2025 से 15.12.2025 तक |
| 05580 आनन्द विहार (ट) – पूर्णियाँ कोर्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 17.09.2025 | सप्ताह में 04 दिन | बुधवार, वीरवार, शुक्रवार, रविवार | 18.09.2025 से 17.12.2025 तक |
| 05559 रक्सौल जं. – उधना जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 27.09.2025 | साप्ताहिक | शनिवार | 04.10.2025 से 27.12.2025 तक |
| 05560 उधना जं. – रक्सौल जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 28.09.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 05.10.2025 से 28.12.2025 तक |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे। रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2740/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ हमें फालो करें



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम : अनुसूची-A : 30,000 घन मीटर, 65 मि.मी. गेज मशीन से क्रश की गई पत्थर की बैलेस्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग तथा जींद (JHI) बैलेस्ट डिपो स्थित बैलेस्ट सब डिपो संख्या-2 पर रेलवे वैगनों में लोडिंग। (इसमें सभी लीड एवं लिफ्ट, जी.एस.टी., कर आदि सम्मिलित हैं, अतः किसी भी परिस्थिति में अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।) (निविदा संख्या NIT-86-25-26-W-IV) | |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 3,45,35,100/- |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 3,22,700/- |
| 4 | ई-निविदा भरने का दिनांक और समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 12.09.2025 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई-निविदा खुलने का दिनाँक 26.09.2025 को 15.00 बजे तक |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

सं.: 128-डब्लू/260/निविदासूचना/24-25/डब्लू-IV दिनांक: 04.09.2025 2738/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 सितम्बर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा स्पोर्ट्स एक नया मुकाम हासिल करने जा रहा है। नई दिल्ली में 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में 35 भारतीय खिलाड़ी पहली बार हिस्सा लेंगे। यह आयोजन नेहरू स्टेडियम में होगा। महेंद्र गुर्जर, जिन्होंने स्विट्जरलैंड में हुई नॉटविल वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की एफ 42 जेवलिन श्रेणी में 61.17 मीटर का थ्रो कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वे अपने पहले वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने और भारत का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नई दिल्ली में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंम्पियनशिप 2025 में पहली बार हिस्सा लेने वाले कई होनहार भारतीय खिलाड़ी भी मैदान में उतरेंगे। इनमें अतुल कौशिक, प्रवीन, हनी, मित भारतभाई पटेल, मंजीत, विशू , पुष्पेंद्र सिंह अजय सिंह, शुभम बीरभद्र सिंह, अमीषा रावत , आनंदी कुलंथैसामी और सुचित्रा परिदा शामिल हैं। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया ने कहा, पहली बार किसी एक संस्करण में इतने भारतीय खिलाड़ी वर्ल्ड चैम्पियन शिप में डेब्यू कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने 'लिवर हेल्थ कैंप' का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी विधानसभा के कुंवर सिंह नगर में नि:शुल्क 'लिवर हेल्थ कैंप' एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। आज 9 सितंबर से लेकर 13 सितंबर यानी पांच दिनों तक चलने वाले इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रोजाना सुबह १० बसे से लेकर १२ बजे तक कोई भी नागरिक अपना पंजीकरण करा कर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठा सकता है। इस नि:शुल्क 'लिवर हेल्थ कैंप' का आयोजन इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के सहयोग से किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़. शकूरबस्ती, दिल्ली-56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आंमत्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मथुरा पल्वल फोर्थ लाइन (एनसीआर) से संबन्धित संचार एवं संकेत विभाग के लिए रेलय हट और ईआई सेंट्रल बिल्डिंग का निर्माण तथा विविध कार्य करना। |
| 2. | अनुमानित लागत | रू 2.12 करोड़ |
| 3. | धरोहर राशि | रु 256100.00 |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 06 माह के अन्दर। |
| 5. | रेलवे की वेब साईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता। | निविदा दस्तावेज दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें । |
| 6. | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 समय 11.30 वेब साईट से अपलोड कर सकते है । |
| 7. | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 06.10.2025 को 11.30 तक |

संख्या: 418-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 08.09.2025 2733/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गंदे पानी में पैदल उतरकर जनता से रूबरू हुए डीएम

## जनता को समस्या के समाधान का डीएम ने दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए डीएम अभिषेक पांडेय ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। सोमवार को स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम किए जाने के बाद, मंगलवार सुबह डीएम ने खुद भीमनगर, न्यू भीमनगर और गिरधारी नगर जैसे इलाकों का दौरा किया।

डीएम अभिषेक पांडेय, एसडीएम सदर ईला प्रकाश के साथ, प्रभावित गलियों और सड़कों पर दूषित पानी से होकर पैदल चले और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय लोगो ने उन्हें बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के बिना भी पानी जमा हो जाता है, जिससे उनके जीवन में काफी मुश्किलें आ रही हैं। गलियों और घरों में जमा इस गंदे पानी से संक्रामक रोगों और मच्छरों का खतरा बढ़ गया है, जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने डीएम के इस कदम की सराहना की और अपना आभार व्यक्त किया। डीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने और इस पर तुरंत काम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो।



# अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोज़र, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने पिलखुना विकास क्षेत्र में दो स्थानों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रहीं। प्राधिकरण की टीम ने पिलखुवा के गांव ढबारसी में रोबिन सिंह व दफेदार खान की 18,000 वर्ग मीटर, नीरज चौधरी की 7,500 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माण को तोड़कर ध्वस्त किया जाएगा। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन राज सिंह, अवर अभियन्ता जीतेन्द्र नाथ दूबे एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था।



# लाखों रुपये की चोरी का हुआ खुलासा, पुलिस ने महिला सहित दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कहते हैं ना घर का भेदी लंका ढाए यह कहावत धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा निवासी एक पुत्रवधू पर सटीक बैठती है। जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही ससुराल में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। मामला जनपद हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा का है। जहाँ पुलिस ने एक घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला और उसके आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,97,500 रुपये नकदी करीब 6 लाख रूपये के सोने व चांदी के आभूषण बरामद किए है। एएसपी विनीत भटनागर ने पुलिस कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 19 अगस्त की रात धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलेड़ा में एक घर में चोरी होने का मामला सामने आया था संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए और सीसीटीवी फुटेज आदि की जाँच की। जैसे-जैसे पुलिस की जांच आगे बड़ी वैसे ही चोरी की घटना का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया की चोरी करने वाला शख्स कोई और नहीं बल्कि घर की ही पुत्रवधू है। जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम भी दिया। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार महिला फरहीन वादी की पुत्रवधू है। फरहीन का आरोपी वाहिद से करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई और चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए वादी की पुत्रवधू फरहीन पत्नी इसराईल और वाहिद पुत्र जमीर निवासी गांव पिपलेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,97,500 रुपये की नकदी, सोने के आभूषण हार, चौन कंगन, अंगूठी लेड़ीज, झुमकी टॉक्स, पैड़ल, नथनी बड़ी छल्ला, नाक की लौंग, बाली, झूमर माथे और चांदी के आभूषण पाजेब, अंगूठी नग वाली, चुटकी, हाथ के कढे, बच्चे की अंगूठी, कंगन, गले का हार, चौन पैड़ल, हाथ फूल, अंगूठी, हाथ की दो घड़ी बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।



# जीएस यूनिवर्सिटी ने चिकित्सा जगत के 1500 से अधिक विशेषज्ञों को दिया मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित सेल्सिन्ज़्कॉन वैश्विक सम्मेलन और कार्यशाला की सफलतापूर्वक सह-मेजबानी की है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में सोसाइटी ऑफ एंडोस्कोपिक एंड लैप्रोस्कोपिक सर्जन्स ऑफ इंडिया के साथ मिलकर, यूनिवर्सिटी ने चिकित्सा जगत के 1500 से अधिक विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया।

यह सम्मेलन तीन चरणों में आयोजित किया गया था। पहले दिन, जीएस यूनिवर्सिटी के हापुड़ कैंपस में रोबोटिक, लेजर, लैप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी और वैस्कुलर सर्जरी पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। यहाँ युवा चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराया गया। दूसरे दिन, देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सर्जनों ने जटिल सर्जरी का प्रदर्शन किया, जिसका सीधा प्रसारण भारत मंडपम में किया गया। इससे प्रतिभागियों को आधुनिक सर्जिकल पद्धतियों का सीधा अनुभव मिला। तीसरे दिन, स्त्री रोग, कैंसर उपचार, न्यूनतम चीरा वाली सर्जरी और भविष्य की स्वास्थ्य तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान, 206 लैप्रोस्कोपिक सर्जनों और गायनोकोलॉजिस्टों को फेलोशिप और सदस्यता प्रदान की गई। यह सेलसी के इतिहास में पहली बार हुआ है जब इतने बड़े पैमाने पर चिकित्सकों ने भाग लिया हो और इतनी अधिक फेलोशिप प्रदान की गई हों। जीएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गंगा सरन शर्मा ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के लिए एक गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सर्जनों की दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि आसपास के लोगों को भी आधुनिक चिकित्सा का लाभ मिलता है। उन्होंने इस सफल आयोजन का श्रेय डा. रूपाली शर्मा, डा. मधुबाला और डा. भास्कर सहित पूरी टीम को दिया। इस आयोजन में प्रो. डा. एमसी मिश्रा पूर्व निदेशक, एम्स, डा. वीरेंद्र कुमार बंसल एम्स और प्रो. डा. एसडी मौर्य सचखंड अस्पताल, आगर जैसे कई जाने-माने विशेषज्ञ भी शामिल हुए।



# किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाएंगे कांग्रेसी

**ाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाने के साथ ही संगठन को मजबूत करतें हुए घर घर जाकर पार्टी की नीति गिनाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की किलताओं का प्रचार प्रसार करने का संकल्प दिलाया गया।

गढ़ चौपला स्थित मुसाफिर खाने में मंगलवार को कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें पश्चिमी जोन प्रभारी एवं पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा वोट चोरी करते हुए बेइमानी से अपनी सरकार बनाने का आरोप लगाया। दानिश अली ने कार्यकर्ताओं को पूरी तरह एकजुट रहकर वोट चोरी रोकने के लिए किसी भी रूप में बनीं फर्जी वोट कटवाने के साथ ही संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर कांग्रेस की जन कल्याणकारी नीतियां गिनाते हुए भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की किलता उजागर करने का संकल्प दिलाया। जिला संगठन प्रभारी अवनीश काजला ने भाजपा पर समाज में नफरत का जहर घोलकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने का आरोप लगाया। गांव बदरखा निवासी शाकिर अली को जिला महासचिव का दायित्व भी सौंपा गया। पूर्व प्रदेश सचिव डा.शुएब, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष डा.फराहीम, ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, त्रिनेत्र गोयल, संजीव शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर के दौरान नेताओं के बीच आपस में चल रही गुटबाजी की हकीकत भी खुलकर सामने आ गई। पूर्व जिलाध्यक्ष समेत संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी प्रशिक्षण शिविर से पूरी तरह नदारद दिखाई दिए। आदर्श गंगा तीर्थ पुरोहित सभा के अध्यक्ष पंडित राजकुमार लालू के नेतृत्व में समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली को गढ़ गंगानगरी में आने पर गंगाजली देकर अभिनंदन किया।

# एंबुलेंस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** 108 एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर अपनी त्वरित और जीवन रक्षक सेवाओं का प्रदर्शन कर रास्ते में ही एक गर्भवती महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। बच्चे के जन्म के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं महिला के परिजन ने स्टाफ की जमकर प्रसंसा की है।

जानकारी के मुताबिक बहादुरगढ़ के गांव चांदनेर निवासी महताब अली की पत्नी रोशनी को प्रसव पीड़ा के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही उनकी स्थिति बिगड़ गई। हालात देखकर ईएमटी उमा रानी और पायलट धर्मेंद्र ने आशा बीना के सहयोग से एम्बुलेंस के अंदर ही प्रसव प्रक्रिया को संभाला। टीम की तत्परता और कुशलता से महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद मां और नवजात को सुरक्षित सिविल अस्पताल मोहाली पहुंचाया गया। वहां दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। एम्बुलेंस सेवा के अधिकारी सौरभ कुमार ने टीम की सराहना कर कहा कि यह सफलता ईएमटी की पेशेवर ट्रेनिंग और त्वरित प्रतिक्रिया का नतीजा है।

## ट्रेन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बदरखा के निकट रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव छत विछत शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार रात को कोतवाली पुलिस गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गांव बदरखा के निकट रेलवे लाइन पर एक युवक का छत विछत शव पड़ा हुआ है। शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त का प्रयास करते हुए उसके आस पास दस्तावेज आदि की जांच की, लेकिन मृतक की शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एक नजर

## गांजे की तस्करी करने जा रहा तस्कर गिरफ्तार, अवैध गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गांजे की तस्करी करने जा रहे एक गांजा तस्कर को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर उसके जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ठण्डी सडक मदरसे के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर की पहचान जीशान पुत्र शमशाद निवासी मौहल्ला मिर्धापाडा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया गांजा तस्कर एक शातिर किस्म का गांजा तस्कर है जिसके खिलाफ गांजे की तस्करी के कई आपराधिक मामले दर्ज है। गांजा तस्कर क्षेत्र में गांजे की तस्करी करने के लिए जा रहा था जिसको पुलिस ने धर दबोचा है। फिलहाल पुलिस में गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद कर लिया है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने दिया तीन तलाक, पीड़िता पहुंची एसपी दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को उसके पति द्वारा तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट समेत के गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से मामले की शिकायत की है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी वर्ष 2012 में नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी पीड़िता के माता पिता ने करीब 10 लाख रूपये खर्च किये थे, परन्तु शादी में दिये गये सामान से पति समेत ससुराल पक्ष के लोगो को पसन्द नही आया और कम दहेज का ताना देकर वैगनकार कार व 5 लाख रूपये नकद की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग करते हुए मानसिक और मारपीट कर शारीरिक उत्पीडन करते रहे तथा कई बार बच्चो सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया, लेकिन अपने रिश्ते को बचाये रखने के लिए इनके उत्पीडन को सहन करती रही, लेकिन हर बार दोबारा दहेज ना मांगने और इस बाबत मारपीट न करने का आश्वासन देकर ले जाते थे और दोबारा दहेज ना मांगने और मारपीट ना करने के लिए 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भी लिखित में फैसला नामा लिखा गया बावजूद उसके दहेज़ कि मांग लगातार जारी रही। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता को बिजली का करंट लगाकर लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि पीड़िता का पति 29 अगस्त की रात गैर मर्द को लेकर घर पर आया और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाया। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़िता ने पति ने तलाक, तलाक, तलाक कहकर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने एसपी दरबार पहुंचकर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तो वहीं एसपी ने पीड़िता को संबंधित मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नौकरी के नाम पर हड़पे डेढ़ लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी युवक ने पड़ोसी गांव निवासी युवक पर साले की विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नाजिम ने बताया कि उसके पड़ोसी गांव निवासी युवक ने उसके साले शाहरुख अली निवासी गांव सरावनी की सऊदी में नौकरी लगवाने की बात कहीं। इसके लिए उसने डेढ़ लाख रुपये का खर्चा बताया। वह उसकी बातों में आ गया और साले की नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये दे दिए गए। इस दौरान आरोपी ने उसके साले को गाड़ी चालक के पद के बजाए मजदूर के काम पर भेज दिया। वहां से दो माह बाद उसका साल वापस आ गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने फर्जी पासपोर्ट भी बना दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में हुआ एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में पीडीआई समितियों के सदस्यों, सचिवों और जनपद स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एलएसडीजी की नौ थीमों के अनुरूप विभिन्न सरकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करना है, ताकि इन योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक गाँव स्तर पर पहुँच सके। जिला विकास अधिकारी ने सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स इंडीकेटर्स की लगातार समीक्षा करें और उन्हें अपडेट करते रहें। प्रशिक्षण के दौरान, जिला परियोजना प्रबंधक मुनीब ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के इंडिकेटर्स के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर ने एलएसडीजी की नौ थीमों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी और सह-प्रबंधक हापुड़ ने किया। प्रशिक्षण के अंत में, जिला विकास अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कई मास्टर ट्रेनर और अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट में हुई समर्थ व विकसित उत्तर प्रदेश अभियान की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की शुरुआत हुई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों से सीधे सुझाव लेकर उत्तर प्रदेश को 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने के लिए एक प्रभावी विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना है।

इस विशेष कार्यशाला में जिले के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, अजय चौहान, सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने डॉक्टर, प्रोफेसर, नर्सिंग स्टाफ और विद्यार्थियों जैसे विभिन्न वर्गों के लोगों से सीधे बातचीत की और उनके बहुमूल्य विचार सुने। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने लोगों से अपील की है कि वे अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल या सूचना सेतु ऐप के माध्यम से साझा कर सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन करके भी सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं। इस अभियान में समाज के हर वर्ग, विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, और श्रमिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सरकार इन सुझावों के आधार पर एक विजन डॉक्यूमेंट बनाएगी जो अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति की तीन प्रमुख थीम पर केंद्रित होगा। इस डॉक्यूमेंट में 12 प्रमुख सेक्टर, जैसे कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा, शामिल होंगे। यह अभियान 5 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा, जिसमें ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर भी गोष्ठियाँ आयोजित की जाएँगी ताकि सभी नागरिक आसानी से अपने विचार साझा कर सकें। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने भी लोगों से इस पहल में हिस्सा लेने की अपील की है।



# प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर कोतवाली पहुंची युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सर मैं नगर के मोहल्ला की रहने वाली हूं, मैंने बालिग होने पर अपने प्रेमी से शादी कर ली है। अब मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। लेकिन, मेरे परिवार के लोग खुश नहीं हैं। यह बातें अपने प्रेमी के साथ पहुंची युवती ने पुलिस को बताई। पुलिस ने दोनों के परिजन को कोतवाली बुलाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान युवक और युवती वहां पहुंचे। कोतवाली पहुंचने का कारण पूछने पर युवती ने बताया कि वह नगर के मोहल्ले की निवासी है। वह बुलंदशहर जनपद के गांव निवासी युवक से काफी समय से प्रेम करती है, लेकिन उसके परिवार के लोग शादी करने के लिए तैयार नहीं हुए। इसके कारण उसने परिजनों की बिना रजामंदी के युवक के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। युवती का कहना है कि परिजनों ने युवक पर अपहरण का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी हुई है। वह और उसका प्रेमी बालिग हैं और दोनों ने आपसी रजामंदी से शादी की है। इसके बाद युवती ने पुलिसकर्मियों को कोर्ट मैरिज के दस्तावेज भी दिखाए। दस्तावेज का अवलोकन कर कोतवाली पुलिस ने दोनों के परिजनों को बुला लिया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि युवक-युवती और उनके परिजनों से वार्ता कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने बताया कि मंगलवार की सुबह को वह बाहर गया था। पत्नी काम कर रही थी। इसी दौरान देखा कि उसकी 16 वर्ष की बेटी घर से बाहर के लिए गई। काफी देर तक जब उसकी बेटी घर नहीं आई तो उनको चिंता हुई। परिजन ने बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी को गांव निवासी युवक बहला फुसला कर ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध गैस सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 137 अवैध गैस सिलेण्डर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता और यातायात प्रभारी छविराम और पूर्ति विभाग की टीम द्वारा बाईपास मेरठ रोड पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ से पुलिस को दो छोटा हाथी वाहन आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब वाहन को रोककर जांच पड़ताल की तो इस दौरान दो छोटा हाथी गाडी मे भरे 137 अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद हुए है। पुलिस ने तुरंत वाहन चालकों को हिरासत में ले लिया और सिलेंडर अपने कब्जे में ले लिए। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया हापुड बाईपास मेरठ रोड पर थाना देहात व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने चैकिंग कर रहीं। उसी दौरान अवैध एलपीजी सिलेण्डर की सप्लाई करने वाले गिरोह दो सदस्यो को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो छोटा हाथी गाडी मे भरे 137 अवैध एलपीजी सिलेण्डर बरामद किए है। आरोपियों की पहचान रामप्रवेश पुत्र लटूरी सिंह निवासी भगत विहार करावल नगर दिल्ली, रामगोपाल पुत्र डोरीलाल निवासी मौहल्ला खोडा कॉलोनी जनपद गाजियाबाद के रूप मे हुई है। जिनके खिलाफ विधि कार्रवाई की गई है।



# हॉस्टल में चली गोली, छात्र की मौत, दोस्त गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट हॉस्टल में पीजीडीएम छात्र ने डठ। छात्र को गोली मार दी। इसके बाद खुद को भी गोली मार ली। गोली लगने से छात्र की मौत हो गई है। जबकि खुद को गोली मारने वाले छात्र की हालत गंभीर है। गोली लाइसेंसी पिस्टल से चली है। घायल छात्र को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, 4 जिंदा कारतूस, 2 खोखे, मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस घटना के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पूरा मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के निजी हॉस्टल आरसीआई विद्या विहार में सोमवार रात का है।



आगरा के भगवान टॉकीज निवासी देवांश चौहान (23) बीटेक इंस्टीट्यूट से पीजीडीएम की पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ आंध्र प्रदेश के चिलकुलरी निवासी दीपक कुमार (22) भी डठ। की पढ़ाई करता था। दोनों अच्छे दोस्त थे। सोमवार रात 3 से 4 बजे के बीच हॉस्टल में अचानक गोली चलने से हड़कंप मच गया।हॉस्टल के सिक्योरिटी गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज सुनाई दी। उसने तुरंत वार्डन को सूचना दी। वार्डन ने जब कमरे का मुख्य दरवा. जा खोलने की कोशिश की तो वह अंदर से बंद था। इसके बाद पीछे की तरफ सीढ़ी लगाकर बालकनी से अंदर पहुंचा गया। शीशा तोड़कर दरवाजा खोला गया तो दोनों छात्र खून से लथपथ पड़े मिले।

**एक की मौत, दूसरा गंभीर:** एमबीए छात्र दीपक कुमार (22) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीजीडीएम छात्र देवांश चौहान गंभीर रूप से घायल मिला। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। आशंका है कि देवांश ने किसी विवाद के चलते दीपक को लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली।

**दोनों अच्छे दोस्त थे:** पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों अच्छे दोस्त थे। कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस देवांश के सही होने पर उसका बयान दर्ज करेगी। देवांश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, मृतक दीपक के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

**कमरे से आई कराहने की आवाज:** एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया, थाना नॉलेज पार्क पर सूचना मिली कि आरसीआई विद्या विहार हॉस्टल में 2 छात्र घायल अवस्था में हैं। पूछताछ में पता चला कि हॉस्टल के गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज आई।

कमरा अंदर से बंद था। कमरे में 2 छात्र थे जिनमें से एक मृत और दूसरा घायल था। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रथमदृष्टया एक छात्र ने दूसरे छात्र को रिवॉल्वर से गोली मारी फिर खुद को भी गोली मार ली है। परिवारों को सूचित कर दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली-एनसीआर में हथियारों का सप्लायर पकड़ा

**■ 32 बोर की चार पिस्टल, छह तमंचे व 30 कारतूस बरामद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चे. कंग के दौरान संभल के रहने वाले सुफियान कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहा था।



पुलिस ने आरोपी के पास से एक थैली में रखी 32 बोर की 4 पिस्टल, 6 तमंचे और 30 कारतूस बरामद किए हैं। सुफियान दिल्ली-एनसीआर के कुख्यात बदमाशों और उनके गैंग को हथियार सप्लाई करता था।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह एक पिस्टल पर 10,000 रुपये का मुनाफा कमाता था। तमंचों की बिक्री से उसे 2,000 रुपये प्रति तमंचा का फायदा होता था।

पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी हथियार कहां से लाता था और किन-किन गैंग को बेचता था।

# चिल्ला एलिवेटेड से अब तक नहीं बदली खराब स्टील

**■ एक महीने पहले प्राधिकरण ने दिया था नोटिस, 892 करोड़ है बजट, दिल्ली- नोएडा की होगी कनेक्टिविटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटेड निर्माण में मानकों के अनुरुप स्टील का प्रयोग नहीं किया जा रहा। इसका नोटिस प्राधिकरण ने करीब एक महीने पहले ब्रिज कार्पोरेशन को दिया था। बावजूद इसके अब तक खराब स्टील को बदला नहीं गया है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट कहा कि जब तक खराब स्टील को बदलकर मानकों के अनुसार नहीं किया जाता तब तक पेमेंट नहीं किया जाएगा। बता दे ब्रिज कार्पोरेशन ही नोएडा के दो अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है। इसमें भंगेल एलिवेटेड और सेक्टर-145 लिंक रोड शामिल है।

करीब एक महीने पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने चिल्ला एलिवेटेड निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें पाइलिंग के ज्वाइंट की फोटो व वीडियो ग्राफी कराई गई। समीक्षा में पाया गया कि एलिवेटेड की पाइलिंग में जिस स्टील का प्रयोग कंपनी कर रही है। उस स्टील की गुणवत्ता खराब है। जबकि पाइलिंग के लिए प्राधिकरण ने किसी दूसरी स्टील के प्रयोग की बात की थी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने ब्रिज कार्पोरेशन को नोटिस जारी किया और स्वीकृत स्टील को लगाने के लिए कहा गया। इस एलिवेटेड का शिलान्यास सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। इसके बाद अब तब पाइ. लिंग में लगी खराब स्टील को बदला नहीं गया। इसको लेकर जल्द ही एक ओर नोटिस जारी किया जाएगा।

**892 करोड़ रुपये किए जा रहे खर्च:** एलिवेटेड का निर्माण 892 करोड़ में किया जा रहा है। ये काम तीन साल में पूरा करना होगा। हालांकि 2019 में भी इसका काम शुरू हुआ था। उस समय सीएम योगी आदित्यनाथ ने योजना की शिलान्यास किया था। फाउंडेशन और पाइलिंग के बाद फंड की कमी से काम रोका दिया गया। करीब 79 करोड़ रुपए एलिवेटेड निर्माण पर खर्च किए गए थे। अब इसका 10 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। योजना के तहत छह लेन की इस एलिवेटेड को 296 पिलर पर बनाया जाना है।

**रोजाना पांच लाख वाहनों को होगा फायदा:** निर्माण कंपनी उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड ने 17 दिसंबर 2024 को ठेकेदार कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन को कार्य अवॉर्ड किया। इस एलिवेटेड से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालक को फायदा होगा। ठेकेदार के पास निर्माण पूरा करने के लिए तीन साल का समय होगा। दिल्ली और नोएडा के बीच यातायात भीड़ को कम करने के लिए 2012 में योजना की फिजिबिलिटी तैयार की गई थी। एलिवेटेड 5.9 किमी लंबी बननी है। योजना के प्रारंभिक फेज में इसकी कुल लागत 605 करोड़ रुपए थी।

# महिला का धर्मांतरण कराकर चेन्नई ले गए

## बेटी के लिए मां ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गढ़ी चौखंडी की रहने वाली छह साल के बच्चे की मां को प्यार में फंसाकर जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया। युवक ने महिला से निकाह कर उसका नाम भी बदल दिया। हाइकोर्ट के आदेश पर फेज-तीन थाना पुलिस ने महिला को तमिलनाडु के चेन्नई से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गढ़ी चौखंडी की रहने वाली एक महिला ने पिछले महीने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि तीन अगस्त को उनके घर पर राजा मियां उर्फ एहसान हुसैन और जहीर बाबू आए थे। वह उनकी बेटी को उसके घर से ले गए।



पीड़िता का कहना था कि आरोपियों ने उसकी बेटी को बंधक बना रखा है। उसके साथ अनहोनी घटना हो सकती है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए महिला को बरामद करके आठ सितंबर को पेश करे।

**चेन्नई से महिला को किया बरामद:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला की खोजबीन शुरू की। पुलिस ने महिला को चेन्नई से बरामद कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि बिहार के जिला सीवान के रहने वाले राजा मियां उर्फ एहसान हुसैन ने धोखाधड़ी करके, प्रलोभन और धमकी देकर महिला का धर्म परिवर्तन करा दिया है।

उसका नाम बदलकर खुशबू खातून रख दिया है। इस संबंध में महिला से पुलिस ने जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह धर्म परिवर्तन करके मुस्लिम बन गई है। वह शरिया कानून का ज्ञान ले रही है। दोनों ने एक मई 2025 को बहरामपुर गांव में निकाह भी कर लिया है।

**निकाहनामा में पिता का नाम फर्जी:** पुलिस ने जब निक. हनामा प्राप्त किया तो पता चला कि राजा मियां, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां, मां अनीशा बेगम और भाई इरशाद के द्वारा धोखे से धर्म परिवार कराया है। निक. हनामे में महिला के पिता का नाम फर्जी लिख दिया है।

आरोपी की मां अनीशा बेगम को महिला की फूफी बताकर व इरशाद को भाई बताकर कानून के खिलाफ जाकर धर्म परिवर्तन कराया गया है। इस काम में काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक महिला का उसके पति से तलाक भी नहीं हुआ है। उसका छह साल का बेटा भी है।

**पांच के खिलाफ मुकदमा तीन गिरफ्तार:** गढ़ी चौखंडी चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मुख्य आरोपी राजा मियां, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां और मां अनीशा बेगम को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस इरशाद और काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन को खोज रही है। साथ ही महिला को हाइकोर्ट में पेश किया गया है। हाइकोर्ट के आदेश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कंपनी में नौकरी के दौरान मिले थे दोनों:** आरोपी राजा मियां उर्फ एहसान पिछले कुछ वर्षों से गाजियाबाद के बहरामपुर गांव में किराए पर रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात महिला से हुई। आरोपी ने महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया।

कुछ माह पहले जब पुलिस ने महिला को बरामद किया था तो उसने पति पर उत्पीड़न और अत्याचार करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, वह घर लौटने पर राजी हुई थी। तब कोर्ट ने राजा मियां उर्फ एहसान को महिला के वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने के आदेश दिए थे।

## एक नजर

### मकान में फैंसी लाइट के अंदर निकला सांप, वीडियो हुआ वायरल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-51 स्थित एक मकान में छत की सीलिंग पैनल के रास्ते एक विषैला सांप फिसलता हुआ फैंसी लाइट के अंदर जा पहुंचा। घटना के दौरान घर में मौजूद लोग डर गए। सभी लोग तुरंत से बाहर निकल गए। मामले की सूचना संबंधित विभाग को दी गई। सेक्टर में विषैला सांप होने की शिकायत लोग कई बार नोएडा प्राधिकरण से कर चुके है।

**अजीब सी आवाज सुनाई दी:** मकान मालिक ने बताया कि उन्हें छत से अजीब सी आवाज सुनाई दी। उन्होंने जब ध्यान से देखा तो पता कि सीलिंग लाइट के अंदर सांप की हलचल हो रही है। उन्होंने तुरंत स्थानीय फायर ब्रिगेड और वन विभाग को सूचना दी।

**टीम ने सांप को पकड़ा:** कुछ ही देर में सांप पकड़ने वाली टीम मौके पर पहुंची और सावधानी से लाइट की फिटिंग को हटाकर सांप को बाहर निकाला। सांप विषैला प्रजाति का पाया गया जिसे पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

**दशहत में है लोग:** सेक्टर के महासचिव संजीव कुमार का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब सांप दिखाई दिया हो। पास ही खाली पड़े प्लॉट और निर्माण स्थलों की वजह से यहां जंगली जीवों की आवाजाही अक्सर बनी रहती है। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण से की जा चुकी है। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

### ट्रांसपोर्टर का बैग चोरी करने वाले पकड़े

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन के पास ट्रांसपोर्टर प्रवीण वर्मा को गाड़ी में बैठाकर उसका बैग चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित से चुराए गए अमेरिकी डॉलर बरामद किए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के रहने वाले प्रवीण वर्मा ने सेक्टर 142 थाना पुलिस से शिकायत की थी। प्रवीण वर्मा के मुताबिक उनका टूर एंड ट्रेवल्स का काम है। करीब एक सप्ताह पहले ट्रांसपोर्टर को कुछ लोगों ने चार धाम यात्रा के लिए गाड़ी बुक करने का झांसा देकर मिलने के लिए बुलाया था। बुक करने की बात करने के लिए सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन के समीप अपनी गाड़ी में बैठा लिया था। इसी बीच पीड़ित को बातों में उलझाकर उनके बैग से पर्स चोरी कर लिया था। पीड़ित के पर्स में बीस हजार रुपये और अमेरिकी डॉलर रखे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कार्तिक भाटिया निवासी सेक्टर-121, गौतमबुद्धनगर, विजय प्रजापति निवासी ग्राम दुसवाबार, गोरखपुर वर्तमान पता श्रीराम अपार्टमेन्ट, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर, और विशाल प्रजापति निवासी ग्राम दुसवाबार, गोरखपुर वर्तमान पता ग्राम तिगरी चिपयाना खुर्द, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से पीड़ित के चोरी किए गए 50 अमेरिकी डॉलर बरामद किए हैं।

### हादसे में घायल किशोर ने एक दिन बाद दम तोड़ा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-62 क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल किशोर ने अगले दिन दम तोड़ दिया। हादसे में उसका दोस्त भी घायल हुआ था। परिजनों ने सेक्टर-58 थाने में शिकायत दी है। पुलिस घटनास्थल चिह्नित कर जांच कर रही है। जिला हमीरपुर निवासी पप्पू ने पुलिस को बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा सुमित करीब 20 दिन पहले नोएडा आया था। उसे उसका दोस्त बुलाकर लाया था। सुमित सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव में दोस्त के साथ किराये के कमरे में रहता था। सुमित का दोस्त छिजारसी कट के पास रेहड़ी लगाकर चाट बेचता था। सुमित भी दोस्त के साथ रेहड़ी पर चला जाता था।

परिजनों के मुताबिक चार सितंबर की रात दोनों चाट बेचने के बाद रेहड़ी लेकर कमरे पर लौट रहे थे। उन्हें देर रात फोर्टिस अस्पताल से सुमित के घायल होने की सूचना मिली। गांव से परिजन पांच सितंबर की सुबह नोएडा पहुंचे। जहां से सुमित को रेफर कर दिया गया। घायलावस्था में सुमित को गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी स्थित गुप्ता अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि सेक्टर-62 क्षेत्र में हादसा हुआ था। हादसे में सुमित और उसका दोस्त घायल हुए थे। दोस्त अपने गांव चला गया। उनकी रेहड़ी भी नहीं मिल रही। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल चिह्नित होने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-2 पुलिस ने चोरी और स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। पीपल वाला चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को मोटरसाइकिल पर देखा। रुकने का इशारा करने पर वे ढकिया बाबा गोलचक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान विशाल उर्फ मोनू महतो के रूप में हुई। वह बिहार के लखीसराय का रहने वाला है और फिलहाल स्वर्णनगरी, थाना बीटा-2 में रह रहा था।

दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान तनिष्क के रूप में हुई। वह बागपत के खेकड़ा का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम ऐच्छर, थाना बीटा-2 में रह रहा था।

दोनों बदमाशों से दो तमंचे, कारतूस, चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन और फर्जी नंबर प्लेट वाली एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा में सांड का हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा वन सेक्टर में एक सांड ने शाम के समय टहल रहे व्यक्ति और उसके भांजे पर हमला कर दिया। घटना में प्रथम चंद्रा और उनका 5 वर्षीय भांजा घायल हो गए। प्रथम चंद्रा को गंभीर चोटें आने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीटा वन सेक्टर के आरडब्ल्यूए महासचिव हरेंद्र भाटी ने बताया कि प्रथम चंद्रा सेक्टर के सी-289 में रहते हैं। वह अपनी बहन और भांजे के साथ सेक्टर में घूम रहे थे। इसी दौरान सांड ने उन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य लोग भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से सांड को भगाया गया। सेक्टर में आवारा पशुओं की समस्या से लोग परेशान हैं। आरडब्ल्यूए ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेक्टर में आवारा गोवंश और कुत्तों की समस्या गंभीर है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरडब्ल्यूए ने आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग की है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट का गौर सिटी अंडरपास जल्द होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गौर सिटी अंडरपास पर ट्रैफिक की समस्या से वाहन चालकों को जल्द आंशिक तौर पर राहत मिल सकती है। निर्माणाधीन अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। इसके बाद इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। वाहन इसके ऊपर से गुजर सकेंगे। हालांकि चौराहे से दोनों तरफ अंडरपास का कार्य पूर्ण होने में अभी छह माह लगेंगे।

**सीईओ ने लिया जायजा:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मंगलवार को अंडरपास के निर्माण कार्य का जायजा लिया। अंडरपास का निर्माण तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अंडरपास की छत (स्लेप) का कार्य पूरा कर वाहनों के लिए शीघ्र खोल देने के लिए कहा। वाहन चालकों को आंशिक रूप से राहत मिल जाएगी। सीईओ अंडरपास के चारों ओर पैदल घूमे। वर्क सर्किल 1 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने अंडरपास के कार्य प्रगति से सीईओ को अवगत कराया।

**60 मीटर रोड होगी बड़ी:** सीईओ एनजी रवि कुमार ने 60 मीटर रोड की सर्विस रोड को चौड़ा करने करने के लिए कहा है। वह 80 मीटर रोड देखने पहुंचे। ऐस सिटी के पास से 60 मीटर और 130 मीटर रोड को जोड़ते हुए बनी इस रोड को शीघ्र कंपलीट करने के लिए कहा। लगभग 100 मीटर दूरी में जमीन विवाद के चलते रोड कंपलीट नहीं हो पा रही। सीईओ ने 130 मीटर रोड का भी जायजा लिया।

**सेंट्रल वर्ज पर आरसीसी वॉल का निर्माण:** सीईओ के अलावा एसीईओ सुमित यादव ने भी गौर सिटी टू स्थित 12वें एवेन्यू के सामने की रोड का जायजा लिया। आसपास के लोगों से बातचीत की। निवासियों ने रोड को दुरुस्त कराने और सेंट्रल वर्ज पर आरसीसी वाल का निर्माण कराने की मांग की। एसीईओ ने सेक्टर 4 की सड़कों का जायजा लिया।

# कार की टक्कर से बाइक टैक्सी सवार बीटेक के छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर ओमेगा-1 तेज रफ्तार कार ने बाइक टैक्सी में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया, जबकि पीछे बैठे बीटेक के छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला बोकारो झारखंड का रहने वाला 21 वर्षीय ताज समसी नॉलेज पार्क के कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। वह शनिवार को निम्बस सोसाइटी में रहने वाले अपने एक दोस्त से मिलने गया था। इसके बाद वह रात को वापस बाइक टैक्सी लेकर नॉलेज पार्क स्थित अपने हॉस्टल लौट रहा था।

वह यथार्थ अस्पताल से कुछ दूर आगे पहुंचा तो एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इक का चालक सुमित घायल हो गया। घायल सुमित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में ताज समसी के मौसेरे भाई नुरूल होदा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर हाईवा का जैक खुला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ढाकवाला गांव के पास तेज रफ्तार हाईवा का अचानक जैक खुल गया। वाहन अनियंत्रित होकर प्राधिकरण द्वारा लगाए गए यूनिपोल से टकरा गया।

टक्कर के कारण यूनिपोल सड़क पर गिर गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात करीब 30 मिनट तक बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने यूनिपोल को हटवाया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस मार्ग पर भारी वाहन अक्सर तेज गति से गुजरते हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय करने की मांग की है।

# यमुना में बढ़े जलस्तर पर प्रभारी मंत्री का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह जी ने तहसील सदर के सेक्टर-135 ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित परिवारों हेतु बनाए गए शरणालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर रह रहे लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा, आवासीय व्यवस्था तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने वहां पर रह रहे लोगों से मिल रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त की जोकि संतोषजनक मिली। इस अवसर पर माननीय विधायक दादरी तेजपाल सिंह नगर, माननीय जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर अभिषेक शर्मा, माननीय जिला अध्यक्ष महानगर नोएडा महेश चौहान, माननीय जनप्रतिनिधि गण, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा संजय खत्री, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने शरणालय व कम्युनिटी किचन का निरीक्षण कर बताया कि यहाँ भोजन की गुणवत्ता और मात्रा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश की कमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों में है, तब तक किसी गरीब को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर संकट की घड़ी में आपके साथ खड़ी है। उन्होंने शरणालय में ठहरे प्रभावित परिवारों से कहा कि प्रशासन की अनुमति मिलने तक कोई भी व्यक्ति जोखिम उठाकर अपने घर न लौटे। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए लेखपाल उन्हें पढ़ा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर संख्या



बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जलस्तर घटने की संभावना है, तब तक आप शरणालय में आराम से रहे, यहां सभी आवश्यक सुविधाएं आपको इसी प्रकार उपलब्ध कराई जाती रहेगी।

मंत्री ने प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री जी ने शरणालय में प्रभावित परिवारों के बच्चों हेतु संचा. लित अस्थायी पाठशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लेखपालों एवं संबंधित अधिकारियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस व्यवस्था को नियमित रखा जाए, ताकि बच्चे पढ़ाई से वंचित न हों। इस अवसर पर मंत्री जी ने बच्चों को चप्पलें, पठन-पाठन सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

इसके बाद मंत्री ने सेक्टर-150 स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही वहां टेंट लगाकर रह रहे परिवारों से संवाद कर अपील की कि जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए शरणालयों में रहना कहीं अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक है। शरणालयों में रहने, भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री जी ने टेंट में रह रहे लोगों को प्रेरित किया कि वे शीघ्र ही शरणालयों में स्थानांतरित हो जाएं, ताकि उन्हें बेहतर देखभाल और सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के उपरांत श्री बृजेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्रभावित नागरिकों और पशुधन को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बचाव एवं राहत कार्यों की नियमित निगरानी करें

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बुखार के चलते युवक की मौत, दर्जनों लोग बीमार

## बीमारी ने जूझ रहे बुखार पीड़ितों ने की स्वास्थ्य विभाग से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** बुखार के चलते एक 38 वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि दर्जनो लोग बुखार से पीड़ित है। कस्बें के लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से कस्बें में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।



रटौल निवासी 38 वर्षीय तोकीर पुत्र वकील को पिछले तीन दिनो से बुखार आ रहा था, जिसका ईलाज पहले निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था। बाद में परिजनों ने उसे खेकड़ा एक चिकित्सक को दिखाया जहा आराम न मिलने पर उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी, जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। मृतक के भाई शारिक ने बताया कि वह तीन दिन से बुखार से पीड़ित था। कस्बें के लोगो का कहना है कि कस्बें में दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित है। लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है। खेकड़ा चिकित्सक प्रभारी डा. ताहिर ने बताया कि उन्हें जानकारी नही है टीम भेजकर जांच कराई जायेगी। रटौल के अलावा चांदीनगर क्षैत्र के अब्दुलापुर मेवला में भी बुखार का प्रकोप बढता जा रहा हो जहा शना पुत्री शराफत,फैजान, आयान, सुहान, नसरीन पत्नी जाकिर, रेशमा पत्नी नईम, राशिदा पत्नी मनव्वर, अजहर पुत्र फरमान, जुबैर पुत्र अबरार, गुलशन पत्नी अहशान व फरमान सहित लोग बुखार से पीडित है। गांव के लोगो ने स्वास्थ्य शिविर लगवानें कि मांग की है।









# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददता**
**बागपत।** 4 सितंबर को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एलएलबी छात्र अंकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई मोनू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हत्या में शामिल आरोपी विनय उर्फ बिच्छू की गिरफ्तारी पर एसपी सूरज कुमार राय ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बागपत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का इशारा किया। संदिग्ध भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोषपुर बागपत निवासी विनय उर्फ बिच्छू के रूप में हुई। उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निःशुल्क सिलाई कढ़ाई पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** चौधरी हरलाल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा खैला गांव में निःशुल्क सिलाई कढ़ाई पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बसंल, विशिष्ट अतिथि आकाश त्यागी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। शिविर का उद्घाटन मनुपाल बसंल, आक. ाश त्यागी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौ.ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मनुपाल बसंल ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है उनके द्वारा समाज को जागृति मिलती है। विशिष्ट अतिथि आकाश त्यागी ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है और आगे बढ़ रही है और अपने माता पिता का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर टीना चौधरी, इति चौधरी, विनोद तंवर, ऋषिपाल तंवर, वीरपाल प्रधान, सोनू, निशा, अनिल त्यागी, रेखा, हनी त्यागी, आंचल और आशु आदि उपस्थित रहे।

## चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने 9 घंटे की पैरोल पर आया राजू खट्टा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर निवासी 50 वर्षीय अशोक पुत्र रामबीर व 40 वर्षीय अमरपाल पुत्र रामसहाय दोनो पडौसी थे। सोमवार सुबह दोनो बाईक पर खाद के कटटे लेकर खेत पर जा रहे थे। दोनो के खेत भी आस पास थे जब वह खट्टा प्रहलादपुर में खाद गोदाम के समीप पहुंचे तो तभी एक बच्चा बाईक के सामने आ गया था जिससे बचाने के प्रयास में वह समीप की आ रहे ट्रेक्टर से भिड़त हो गयी थी, जिससे दोनो सड़क किनारे जा गिरे थे और गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। राहगीरों ने देखा तो तुरंत उनके पास पहुंचे थे। वही उनके परिजनों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनो के परिजन मौकें पर पहुंचे और घायल अवस्था में दोनो को मेरठ के केएमसी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहा डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था जिससे परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक अशोक का भतीजा राजू खट्टा वर्तमान में जेल में बंद है और वह परिवार का मुखिया भी है। परिजनों ने कोर्ट में दरखास्त दी की राजू को अन्तिम



संस्कार में शामिल होने दिया जाये। कोर्ट से मंजूरी के बाद राजू खट्टा 9 घटें की पैरोल पर गांव पहुंचा और परिवार के दुख में शामिल हुआ।

## एक नजर

### कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** मंगलवार को एक किसान सरदार सिंह ग्राम कुर्डी थाना छपरौली द्वारा एक प्रार्थना पत्र एसडीएम भावना सिंह को दिया गया, जिसमें उन्होने कहा कि ग्राम कुर्डी खादर में खसरा 253, 254, 255, 255, 257 में ग्राम प्रधान सिविल कोई बागपत में बाद सख्या 255 चल रहा है। 253 इकवाल कटारा के खसरा में जबरदस्ती शमशान घाट वता रहा उसका भी वाद न्यायालय में चल रहा व धारा 24 का मुकदमा भी दर्ज होने के कोई सुनवाई नहीं हो रही। ग्राम प्रधान अदालत की अवमानना कर रहा है। व खादर पटवारी, कानूनगो भी पैमाइस नहीं कर रहे है। कोई अधिकारी निर्माण कार्य रुकवा रहा है। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाते हुए इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा।

### शिक्षक दिवस व राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना व स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत व भाषण प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर डा. जेस्सी जोस ने शिक्षकों की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डालते हुए विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। योगा में 11 स्वर्ण पदक विद्यालय की योगा टीम ने क्षेत्रीय स्तर पर 11 स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। निहाल सांगवान, कार्तिक जैन, लक्की पूनिया, तेजस देव, अंश नैन, वंशिका चौहान, माही चौहान और यशिका भारद्वाज राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए। ताइक्वांडो में ओवरऑल चापियन ( मेरठ ज़ोन की ताइक्वांडो टीम, जिसमें विद्यालय के यथार्थ, हर्षिता, हुज़ैफ़ा, लक्की वत्स, शिवांग, हर्षित धनकड़ और कृष सांगवान शामिल रहे, ने 7 स्वर्ण, 4 रजत व 8 कांस्य पदक हासिल किए। कार्यक्रम में सुदेश, विपिन, अंकित, धनंजय , अभय, शालिनी, दीप्ति आदि का योगदान रहा।

# मैं हार नहीं मानूँगी और कुछ कर दिखाऊँगी: आकांक्षा

## जिलाधिकारी ने ट्राइसाइकिल वितरित कर किया उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के सहयोग और मार्गदर्शन से आकांक्षा ने अपनी तकलीफों और चुनौतियों का डटकर सामना किया और अब रोजगार पाकर जीवन में नई शुरुआत करने जा रही हैं।

दो साल पहले एक भयानक सड़क हादसे ने आकांक्षा शर्मा के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। इस हादसे में उन्होंने अपने पिता को खो दिया और खुद दिव्यांग हो गईं। उस समय उनकी बैंक की नौकरी भी चली गई और जीवन की राह में अकेलापन उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया। परिवार में उनकी मां, उर्मिला शर्मा, ही उनका एकमात्र सहारा थीं, जबकि भाई-बहन की शादी हो चुकी थी। हादसे के समय



आकांक्षा कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहीं और डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इन दो वर्षों की अवधि में कठिन परिस्थितियों और सामाजिक तानों के बावजूद उनका हौसला कभी टूटने नहीं पाया। लोग कहते थे, अब तुम कुछ नहीं कर पाओगी, लेकिन आकांक्षा ने अपने मन में ठान लिया कि मैं हार नहीं मानूँगी और कुछ कर दिखाऊँगी। रोजमर्रा की सुविधाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर और समाज की नकारात्मक सोच के बीच उन्होंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। हाल ही में आकांक्षा ने दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम में ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया। यही वह अवसर था जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने ट्राइसाइकिल वितरित करते हुए उनसे पूछा कि उन्हें क्या सहयोग चाहिए और उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी किया। जिलाधिकारी ने प्रेरित करते हुए उनसे सीवी जमा करने को कहा जिसके आधार पर स्थानीय उद्योगों में रोजगार के अवसरों की तलाश की गई। यह पहल आकांक्षा के लिए विश्वास और उम्मीद की नई राह बन गई।

# आकांक्षा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने संघर्ष का फल पाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।**जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और प्रशासनिक समर्थन के बाद आकांक्षा का प्रोफाइल स्थानीय उद्योगों में भेजा जिसमें सिसाना स्थित आकृति ज्वेलक्राफ्टज़ उद्योग से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इंटरव्यू की प्रक्रिया उनके लिए चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन उनका आत्मविश्वास और पूर्व की नौकरी का अनुभव रंग लाया और आज आकांक्षा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने संघर्ष का फल पाया। खुशी और गर्व के इस पल में आकांक्षा ने कहा कि मैं ट्राइसाइकिल लेने आई थी, लेकिन जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मुझे रोजगार भी दिला दिया और अब मैं जीवन में आगे बढ़ने के लिए फिर एक बार तैयार हूँ। जिला. धिकारी की संवेदनशीलता और सक्रियता ने साबित कर दिया कि हमारे छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आकांक्षा को स्वावलंबी बनने और समाज में अपनी पहचान बनाने का अवसर भी दिया। आकांक्षा अब अपने परिवार की मदद करने, आगे बढ़ने और नए सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित हैं। उनका संघर्ष और सफलता समाज के लिए संदेश है कि दिव्यांग व्यक्ति भी जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह कहानी उन सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रेरणा है जो रोजमर्रा की कठिनाइयों और सामाजिक बाधाओं का सामना कर रहे हैं। सही समर्थन, संवेदनशील नेतृत्व और आत्मविश्वास से हर कोई अपने सपनों को साकार कर सकता है।

# भाजपा कार्यालय पर आगामी चुनावों को लेकर बनी रणनीति

**टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता और चिकित्सा परीक्षण शिविर जैसे सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाता है। कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही भाजपा की सामूहिक संकल्पना है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने ही देश में बदलाव लाने का कार्य किया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव से पार्टी संगठन के लिए कार्य करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। जो अन्य दलों के कार्यकर्ताओं में नहीं है। उन्होंने एमएलसी चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अभी से चुनाव की तैयारीयों में जुट जाएं। वह हर घर तक, हर मतदाता, तक जाए। हर शिक्षक, हर छात्र, हर किसान तक राज्य व केंद्र की सरकार की योजनाओं को को पहुंचाने का काम करें, भारत की आस्था गांव में बसती है, इसलिए हमें जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव में मेहनत से काम करना है। पंचायत चुनाव की तैयारी में हमें बूथ स्तर से जुटना होगा। उन्होंने कहा संगठन के समग्र परिश्रम से

## जागौस में यमुना नदी का कटान रोकने का काम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे पानी की रोकथाम को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने युमना नदी के किनारो पर पत्थरों को डालकर पानी का रूख मोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियोंने बताया कि गांव के लोगों की मांग को लेकर यमुना नदी के किनारो पर पत्थर लगाकर पानी की रोकथाम की जा रही है। इसी के साथ-साथ बांस बल्ली प्लास्टिक के बोरों में मिट्टी भरकर कटान को रोका जा रहा है। भारी संख्या में मजदूर इस कार्य में लगा दिए गए है, वही गांव के लोग भी मजदूरों के साथ मिलकर इस कार्य क्षेत्र में अपना सहयोग दे रहे हैं। जागौश गांव के कपिल त्यागी प्रवीण त्यागी अमित त्यागी पप्पू शर्मा इंतजार खान बाबू खान मोनू शर्मा सोनू शर्मा दिनेश शर्मा धर्मपाल शर्मा आदि ने बताया कि मजदूरों के साथ मिलकर गांव के लोग भी उनका सहयोग तन मन से कर रहे हैं। मजदूरों को किसी प्रकार की भी कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी मजदूर दिन रात काम कर रहे हैं। अधिकारी भी उनके साथ कार्य में लगे हुए हैं। एसडीएम भावना सिंह लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दौरे पर हैं। तहसीलदार नायब तहसीलदार कानून को लेखपाल अन्य लोग भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यमुना नदी के पास बाढ़ चौकी



बनाकर जमे हुए हैं। इस दौरान चल रहे कार्य की जानकारी जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल को अवगत कराई जा रही है। जिलाधिकारी भी तीन बार जागौश गांव में यमुना नदी का दौरा किया है। सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक अजय कुमार, राज्य मंत्री केपी मलिक भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय आदि ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा।

## बागपत के ब्राह्मण समाज के लोगों का मेरठ में हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में मेरठ के चौ.चरण सिंह यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की बैठक ब्राह्मण शिरोमणि मेरठ गाजियाबाद क्षेत्र के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज के नेतृत्व में बागपत के लोगों का फुल मालाओं के साथ प्रतीक चिन्ह देखकर उनका सम्मान समारोह किया गया।

इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने कहा कि ब्राह्मणों के सम्मान में चिन्मय भारद्वाज मैदान में मौजूद हैं और रहेगा भी ब्राह्मण समाज के प्रत्येक वर्ग को अपने घर में भगवान



परशुराम की प्रतिमा पर रोजाना पूजा अर्चना करनी चाहिए। महिमा के पर बागपत जनपद के ब्राह्मण समाज के लोग सम्मान पाकर गदगद हो गए। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा.बीपी शर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं को भी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पं.शिव मोहन भारद्वाज मुख्य अतिथि एमएलसी पं.धर्मेंद्र भारद्वाज संगीता, अमित शर्मा भूदेव शर्मा अश्वनी शर्मा राजरानी शर्मा अरुण, विकास शर्मा जितेंद्र शर्मा सुमित शर्मा अंकित शर्मा आनंद शर्मा अनुराग शर्मा एड.ईश्वर चंद्र योगेश शर्मा तरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मैं अभी जिंदा हूं, मरा नहीं है डीएम मैडम



**शाह टाइम्स संवाददता**
**बागपत।** बड़ौत तहसील के टयोढ़ी गांव के एक दिव्यांग व्यक्ति को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी गई है। प्रकाश सिंह नाम के इस दिव्यांग व्यक्ति को पिछले 8 महीने से 1000 रुपये की मासिक पेंशन नहीं मिल रही है।

प्रकाश सिंह ने डीएम अस्मिता लाल से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने डीएम से कहा, मैडम, मैं अभी जिंदा हूं, मरा नहीं हूं। प्रकाश ने बताया कि तबीयत खराब होने के कारण वह कुछ समय तक पेंशन लेने नहीं जा पाए। जब वह पेंशन लेने पहुंचे, तो अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रकाश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उनकी पेंशन बहाल करने के लिए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह पहला मामला नहीं है जब बागपत में किसी जीवित व्यक्ति को सरक. ारी कागजों में मृत दिखाया गया हो।

# धीरज उज्जवल ने जयन्त चौधरी को सौंपा एक लाख का चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को राष्ट्रीय लो. कदल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी को बाढ़ पीड़ितो के लिए राहत कोष मे आज दिल्ली में जयन्त चौधरी से मिलकर एक लाख का चेक सौपा।

इस अवसर पर जयन्त चौधरी ने कहा कि हर किसी को बाढ़ पीडितो की मदद करनी चाहिए। हम सब मिलकर इस मुश्किल घडी में बाढ़ पीडितो का साथ दे और उनकी मदद के लिये हाथ बढ़ाए। इस अवसर पर चौ.जयन्त सिंहने कहा कि पंजाब हरियाणा और उत्तर प्रदेश मैं राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा जिसमें सांसद चंदन चौहान सुखबीर सिंह गठीना और धीरज उज्जवल के साथ



और नेता व कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों के नुकसान का जायजा लेगे और अपनी रिपोर्ट चौधरी जयन्त सिंह को सौपेगे। धीरज उज्ज्वल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल पीडितो के साथ खडा है और उनकी मदद के लिये निरन्तर प्रयासरत है। धीरज उज्जवल ने कहा कि वर्तमान समय में सभी सक्षम कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए वर्तमान समय में बाढ़ की स्थिति बहुत भयानक है। जनता का बहुत नुकसान हो रहा है। इससे पूर्व बाढ़ की भयानक स्थिति को देखते हुए रालोद नेता धीरज उज्जवल ने बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए जिलाधिकारी बागपत को 51 हजार रुपये का चेक सौपा। इससे पहले धीरज उज्ज्वल ने सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए राहत कोष में आर्थिक सहयोग किया था। कोरोना काल में भी धीरज उज्जवल द्वारा बहुत सहयोग किया गया। इस अवसर पर गौरव तोमर बडौली ने 51हजार का चैक बाढ़ पीडितो की मदद के लिये चौधरी जयन्त सिंह को दिया। इस अवसर पर राजू तोमर सिरसली लेखराज प्रधान आदि मौजूद रहे।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सौरभ से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
राधा पत्नि स्व.सुनील कुमार निवासी काशीराम आवास ब्लॉक 19 खेकड़ा थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वकील व उसकी पत्नि नाजिस से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
कपिल पुत्र अब्दुल रहीम निवासी मौहल्ला मुगलपुरा कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोईन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
रहीश खा पुत्र समसुदीन निवासी ग्राम बिलोचपुरा थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम महल पेट्रोल पंप के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक की आमने सामने की जबरदस्त टक्कर होने के बाद बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को संजय निवासी किठौर अपनी मोटर साइकिल से घर वापिस जा रहा था। इस दौरान महल पेट्रोल पंप के निकट वो गड्डा बचाने के लिए अपना संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद संजय सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# मुस्लिम समाज के लोगों ने राजस्व टीम का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर कीमती जमीन को लेकर जांच के लिए पहुंची राजस्व टीम का मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध करते हुए कब्रिस्तान की जमीन पूरी करने की मांग की। नगर के किठौर तिराहे पर खसरा नंबर 1468 में सपा नेता मुखिया गुर्जर ने 810 गज जमीन खरीद रखी है। वहीं कब्रिस्तान की भी करीब 510 गज जमीन है जिसके कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है इसी मामले में दो सप्ताह पूर्व मुखिया गुर्जर जेल भी गए थे इस मामले में मुस्लिम पक्ष न्यायालय में पहुंचा हुआ है जहां से राजस्व विभाग की टीम से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इसी सिलसिले में तीन दिन पूर्व भी राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी जिसे मुस्लिम समाज ने यह कहते हुए विरोध किया था कि उनकी जमीन पूरी कर उन्हें दी जाए इसी सिलसिले में मंगलवार को मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोग मौके पर जमा हुए। वहीं राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची तथा सेटेलाइट से नाप करने की बात कही, वहीं मुस्लिम समाज ने विभाग की टीम पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया मुस्लिम पक्ष का कहना है कि पूरी विवादित जमीन की पैमाइश की जाए तथा उनके कब्रिस्तान की जमीन पूरी की जाए वहीं मुखिया गुर्जर पर मुस्लिम विरोधी राजनीति करने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर अध्यक्ष हिटलर त्यागी, सनवर खान सैफी, इरशाद डाक्टर, मुस्ताक कुरैशी, तरीकत मौलाना, आरिफ मौलाना, अमजद कारी इस्माइल, वसीम गुड्डू सैफी सहित सैकड़ो मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरण चोरी, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरणों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया, कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही कि मांग कि, पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी जाटो वाली गली में खालिद के मकान में रिलायंस जियो टावर लगा है। मंगलवार को सुबह समय करीब 11:15 बजे रिलायंस जियो कर्मचारियों ने साइड पर आकर देखा कि 5जी की ओडीसी का ताला टूटा हुआ था जिसमें दो बैटरियां और दो उपकरण चोरी हो गए। रिलायंस जियो कर्मचारी अनुराग तेवतिया पुत्र रावेन्द्र निवासी मंगल पांडे नगर ने चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि रिलायंस जियो टावर से बैटरी व उपकरण चोरी की तहरीर आई है, पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### राशन डीलरशिप के आवंटन के लिए हुए चुनाव में धांधली का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गांव नंगला आर्डर में हुए राशन डीलर की डीलरशिप के आंवटन के लिए हुए चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए गांव के लोगों ने तहसील पहुंचकर धरना दिया, साथ ही चुनाव को दुबारा कराने की मांग का ज्ञापन अधिकारियों का सौंपा। मंगलवार सुबह तहसील पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीण तहसील में ही धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन देते हुए बताया सोमवार को गांव नंगला आर्डर में राशन डीलर की डीलरशिप आंवटन करने के लिए चुनाव होना था, जिसमें एजेंसी के लिए गांव वालों को ही चुनना था, लेकिन दूसरे प्रत्याशियों ने सांठ-गांठ करके अधिकारियों से चुनाव में धांधली करते हुए वर्तमान डीलर को चुनाव जीता दिया। ग्रामीणों का कहना था उनकी गैरमौजूदगी में उनके मतदान का प्रयोग किया गया। ग्रामीणों ने यह चुनाव कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले की जांच कराने की बात कहते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

### सरधना में बारिश के कारण गिरी मकान की छत, पीड़ित ने रखी मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला उंचापुर में कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से एक मकान की छत गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मकान मालिक का हल्की चोंट आई। पीड़ित ने प्रशासन से मकान बनवाने की मांग की है। मोहल्ला उंचापुर निवासी शहजाद पुत्र अब्दुल हमीद अपने परिवार के साथ मकान में रहता है। सोमवार रात्रि करीब 1 बजे घर के बाहरी हिस्सें में कमरे की छत अचानक से भर-भराकर गिर गई, जिसके चपेट में शहजाद आ गया, गनीमत यह रही कि शहजाद को ज्यादा चोंटे नही आई। पीड़ित का कहना है कि प्रधानमंत्री आवासीय में कई बार आवदेन किया जा चुका है, लेकिन अधिकारी जांच करने के बाद कोई आगे कार्यवाही करने को तैयार नही है। शहजाद ने प्रशासन से मकान निर्माण करने की गुहार लगाई है।



### नई जीएसटी फॉरमेट से दवाओं में राहत: दवा व्यापारी योगेन्द्र प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने जीएसटी में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी पूरी तरह से समाप्त कर दिया है, जबकि 95 प्रतिशत दवाइयों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इतना ही नहीं, जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा को भी जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। जिला मेरठ कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रधान ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह लंबे समय से की जा रही मांग का परिणाम है। हम लगातार सरकार से यह मांग कर रहे थे कि सभी दवाइयों पर जीएसटी 5 प्रतिशत और जीवन रक्षक दवाओं पर शून्य किया जाए। जिससे जनता को सस्ती दवाएं मिल सके। आज सरकार ने यह कदम उठाकर आम जनता को बड़ी राहत दी है। इसके लिए हम सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।



# मृतक बोबी के घर पहुंचे सरधना विधायक अतुल प्रधान, सरकार से मुआवजे की रखेंगे मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र में हुए बोबी हत्याकांड के बाद मंगलवार को विधायक अतुल प्रधान मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज और वह स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। विधायक अतुल प्रधान ने इस दौरान परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और उनकी हरसंभव मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने मौके पर परिजनों को निजी आर्थिक सहायता भी प्रदान की और भरोसा दिलाया कि किसी भी तरह की परेशानी आने पर वह स्वयं परिवार के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर यह आश्वासन दिलाया कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि अपराध और अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विधायक के इस दौरे से मृतक के परिजनों को कुछ हद तक राहत और हौसला मिला। आसपास के स्थानीय लोगों ने भी उनकी मौजूदगी में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और न्याय की मांग उठाई।



## आपदा: प्रदेश महासचिव ने जयंत चौधरी को दिया ढाई लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पंजाब में आई बाढ़ आपदा प्रभावित लोगों को सहायता लगातार लोकदल का परिवार पिछले दो दिनों से दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को किसानों की मदद कर रहा है। वहीं मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया ने ढाई लाख रुपए का चेक देकर राहत कार्यों के लिए समर्पित किया उन्होंने कहा कि लोकदल का परिवार हमेशा किसानों की मदद करता रहा है और करता रहेगा। वहीं रणबीर दहिया ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ में किसानों के साथ लोकल का परिवार खड़ा है और खड़ा रहेगा क्योंकि किसान हमारी रीढ की हड्डी है और अगर हमारे किसानों को कोई भी किसी तरह की परेशानी आएगी तो लोकदल का एक-एक सिपाही उनके साथ खड़ा है।



# पेपर मील की चिमनियो से निकल रहे धुंए से आसपास फैल रही बीमारी

■ मील के गंदे पानी से लोग परेशान, बाहर खड़े वाहनों से भी लगातार होते हैं हादसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मेरठ-सरधना मार्ग पर स्थित सरधना पेपर मिल इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। चिमनी से दिनभर निकलने वाला धुंआ व गंदा पानी आमजन व किसानों के लिए काफी नुकसान कर रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद भी प्रशासन इस तरफ ध्यान नही दे रहा है।

हैरत की बात तो यह है कि मिल के सामने खड़े भारी वाहनों की वजह से कई दुर्घटना हो चुकी है, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। सरधना स्थित मेरठ रोड़ पर बिजली घर के सामने सरधना पेपर मिल स्थित है। जो पिछले कई वर्षो से लोगों के लिए आसपास के गांवों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। मिल के चिमनियों से दिनभर काला धुंआ निकलता है, जिससे आसपास के गांवों के लोगों की आंखों व सांस लेने में काफी दिक्कत आ रही है, इसके साथ ही किसानो की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा आसपास के इलाकों का जलस्तर भी घटता जा रहा है। दिनभर मिल की चिमनियों से काला धुंऐ का गुबार नजर आता है। मिल के बाहर खड़े वाहन भी दुर्घटना का कारण बनते है, पिछले कई महीनों में यहां पर कई हादसे हो चुके है, जिसमें कई जान जा चुकी है। आसपास के किसानों का कहना है कि मिल से निकलने वाला गंदा पानी भी फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है, कई बार इस बाबत अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नही हो पाया।



सरधना पेपर मिल से निकलता प्रदुषित धुंआ।

### तत्कालीन कमिश्नर ने की थी कार्रवाई

बीते वर्षो में सरधना पेपर मिल के खिलाफ मिल रही शिकयतों पर तत्कालीन कमिश्नर प्रभात कुमार ने संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमिता मिलीं थी। जिस पर अधिकारियों ने पेपर मिल पर कार्यवाही की थी। फिलहाल पेपर मिल का गंदा पानी भी बिना अनुमति सामने से गुजर रहें सिंचाई विभाग के नालें से होकर गुजरता है।

### प्रदूषण अधिकारी ने दी अपनी सफाई

सरधना मील की चिमनियों से निकलने वाले धुएं ने जहां आसपास के लोगों को बीमार कर दिया है वहीं मील से निकलने वाला गंदा पानी पर्यावरण के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा है ऐसे में जब मेरठ के क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड अधिकारी भुवन यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर कोई चीज नियम अनुसार नहीं है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी सरधना मील की जांच कराई जाएगी अगर कोई भी अनियमिता पाई जाती है तो मील मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई निश्चित ही कराई जाएगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस ने एक लाख करोड़ रुपए का ग्रॉस लोन बुक हासिल करने का रोडमैप किया तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक उज्जीवन एसएफबी ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपए की ग्रॉस लोन बुक जीएलबी हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है। बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है। बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुंच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है, जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके। विविध लोन पोर्टफोलियो उज्जीवन अपने लोन पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे विविधता लाया है, पहली तिमाही तक यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है।

## आयुक्त की अध्यक्षता में हुई मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की निदेशक मंडल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की निदेशक मंडल की बैठक आहूत की गयी। बैठक में आयुक्त के समक्ष गत बैठक में लिये गये निर्णयो का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया तथा वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। आयुक्त ने कहा कि मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. की अधिकतर बसो का संचालन मवाना व गढ़ रोड पर ही किया जा रहा है। डीएम व नगर आयुक्त से समन्वय स्थापित कर अन्य रूटो पर भी बसो का संचालन सुनिश्चित किया जाये।

■ जल्द शुरू होगा 50 बसों का संचालन

प्रबंध निदेशक मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. ने बताया कि 61 बसो की नीलामी की जा चुकी है, 35 बसो की नीलामी शेष है, जनपद में 50 बसो का संचालन किया जा रहा है। जिसके बाद महानगर की जनता को कोई परेशानी नहीं होगी। जनता एक स्थान से दूसरे स्थान पर आराम से पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि महानगर की जनता को बसे नहीं मिल पा रही है। जिससे उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ वी.के. सिंह, उपाध्यक्ष एमडीए संजय कुमार मीणा, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, आरटीओ हिमेश तिवारी, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लो.नि.वि. सतेन्द्र सिंह, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एमडी के खिलाफ भाकियू अराजनैतिक का धरना

## किसान के खाते में गलत तरीके से लोन चढ़ाकर उसे खत्म करने की मांगी थी रिश्वत, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में स्थित किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड महमूदपुर सिखेड़ा पर एक किसान के खरे की जमीन पर गलत लोन चढ़ाकर उसको खत्म करने पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए भाकियू राजनैतिक के पदाधिकारियो ने धरना देकर एमडी के खिलाफ हंगामा किया।

किसान का आरोप है कि उसके खसरा संख्या पर गलत तरीके से लोन चढ़ा दिया जिस पर उसका लोन तो रह गया लेकिन उसका ब्याज लोन से भी अधिक हो गया। जब किसान को समिति का नोटिस मिला तो उसके होश उड़ गये। वह तुरंत समिति की ओर दौड़ लिया जब समिति के एमडी से बातचीत की गई तो उसने लोन खत्म करने के नाम पर मोटी रकम मांग ली। उसके बाद किसान ने भाकियू राजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान को मामले की जानकारी दी तभी मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा किसानों को साथ लेकर समिति पर पहुंचे जहां उन्होंने धरना देकर एमडी के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। उन्होंने कहा कि किसान छत्रपाल पुत्र मलखान सिंह की जमीन समसपुर खसरा संख्या 170 आ रही है। जबकि किसान ने उस जमीन को बेच दिया है। खसरा संख्या 170 पर समिति द्वारा 3 लाख 71 हजार 700 रूपये का लोन 24 मार्च 2013 में दर्शाया गया है। जबकि बिना लोन चुकता किये बैनामा नहीं होता है। किसान को 27 अगस्त को 9 लाख 49 हजार 307 का जब नोटिस मिला तो उसके होश उड़ गये। किसान छत्रपाल ने बताया कि जब उसको नोटिस मिला तो वह तुरंत समिति पहुंचा तो उसने एमडी से बातचीत की और लोन उसके खाते में गलत तरीके से चढ़ाने की बातचीत की तो उसने अवैध वसूली करने की बात करते हुए लोन को समाप्त कर देने को कहा। मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया और किसान की समस्या का समाधान करने की बात कही। धरने की सूचना पर पहुंचे तहसील मवाना नायब तहसीलदार सचिन चौधरी ने किसानो की मांग को सुनते हुए उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसान की समस्या का समाधान न किया गया तो वह तहसील में जाकर एसडीएम मवाना का घेराव कर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड महमूदपुर सिखेड़ा के एमडी अश्वनी से किसान के लोन के बारे में जानकारी करनी चाही तो उनका नंबर स्विच ऑफ मिला। प्रदेश प्रभारी महाराज मलिक, अभिदान हुड्डा, दिनेश तिगरी, विशु मवाना, पवन कुमार, नीरज राठी, राजू राठी, अर्चित नागर, शुभम् लाम्बा, शुभम चहल, रविन्द्र नागर, नीटू राठी, प्रदीप कुमार, ओमवीर, दीपांशु चपराणा, संदीप नागर, पूर्व सभासद बिन्दर चहल, अजीत नागर, सुमित बिधुड़ी आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।




## अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब, द्विवार्षिक चुनाव

# परिवर्तन टीम ने जैन नगर-देवपुरी, शंभू नगर व सदर बाजार पहुंचकर मांगे वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अलेक्जेंडर क्लब के परिवर्तन परिवार की टीम ने मंगलवार सुबह अपने सभी उम्मीदवारों के साथ जैन नगर, देवपुरी, शम्भूनगर और सदर बाजार के आस पास का क्षेत्र मेरठ में एक सभा क्लब के चुनाव की रणनीति तय के लिए की गयी और वोटर्स सदस्यों के घर-घर जाकर संपर्क किया। परिवार परिवर्तन टीम के सभी उम्मीदवार मौजूद थे सभी उम्मीदवारों का इस क्षेत्र में रहने वाले सभी वोटर सदस्यों ने अपना आशीर्वाद दिया और विजयी होने की शुभकामनाएं परिवर्तन परिवार की टीम को दी। इस अवसर पर टीम परिवर्तन परिवार के सभी उम्मीदवार जे.पी. अग्रवाल उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव, राहुल दास कोषाधयक्ष व तमाम कार्यकारिणी सदस्य जिनमें अंशुल अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, सीए कमल अग्रवाल, करण अरविन्द जैन (लाली), निमिष खेत्रपाल निशु, जय शंकर, ओम रस्तोगी, सुधीर रजबन, राम कुमार गुप्ता (खेमा) शैलेन्द्र रस्तोगी, सिद्धांत अग्रवाल आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।



## शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने लॉन्च किए एआई पॉवर्ड इन्वर्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने अपने चैनल पार्टनर्स और डीलर्स के लिए एक न्यू प्रॉडक्ट लॉन्च मीट का आयोजन किया। शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर लखनऊ स्थित हिल्टन गार्डन में हुए इस कार्यक्रम में प्रमुख पार्टनर्स और स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया तथा कंपनी के मिशन, भारत को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर करना को एक बार फिर दोहराया। कार्यक्रम में कंपनी ने अपनी नेक्स्ट जनरेशन के सोलर रूफटॉप सिस्टम पेश किए, जो मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की सोच के साथ विकसित किए गए हैं।

# शिक्षित व्यक्ति ही राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाता है: प्रोफेसर संगीता शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका सर्वोपरि है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, मूल्यबोध और कर्तव्यनिष्ठा की आधारशिला है। जब समाज शिक्षित होता है, तो उसमें जागरूकता, समानता और सहयोग की भावना स्वत: विकसित होती है।

यही सशक्त समाज आगे चलकर सशक्त राष्ट्र की पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज अंधविश्वास, संकीर्णता और असमानता से ऊपर उठकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कपूर्ण सोच को अपनाता है। शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और उसे राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी के योग्य करती है। यदि प्रत्येक नागरिक शिक्षा के महत्व को समझे और उसे जीवन में उतारे, तो राष्ट्र में प्रगति, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अत: कहा जा सकता है कि राष्ट्र और समाज की मजबूती का सबसे बड़ा आधार शिक्षा ही है।

■ राष्ट्र एवं समाज विषयक पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में दीक्षोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र एवं समाज रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों की सारगर्भित अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग से डॉ. वाई. पी. सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. ईश्वर सिंह एवं जंतु विज्ञान विभाग से प्रो. दुष्यंत कुमार चौहान सम्मिलित रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के अभिव्यक्ति कौशल, विचारों की मौलिकता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर कुलपति के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए, जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता एवं परिषद के समन्वयक प्रोफेसर के. के. शर्मा ने भी अपने आशीर्वचन प्रदान किए और विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विभाग की समन्वयक डॉ. विजेता गौतम एवं सह-समन्वयक डॉ. अंशु चौधरी द्वारा किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, चिंतन शीलता, राष्ट्रप्रेम तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती हैं। दीक्षोत्सव की श्रृंखला में आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही और पूरे वातावरण को राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत कर गई।

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट

### एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है। स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज़्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया**



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुक. ाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पघ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका नई मार्की क्रिकेट ली की मेजबानी करेगा

**अमेरिका, वार्ता।** अमेरिका एक नए रोमांचक क्रिकेट तमाशे की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी-20 क्रिकेट लीग नवम्बर 2025 में शुरू हो रही है। यह 12-दिवसीय टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों और अमे. रिका की स्थानीय प्रतिभाओं के रोमांचक मिश्रण के साथ क्रिकेट मनोरंजन को नई परिभाषा देने का वादा करता है। मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी20 क्रिकेट लीग में चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 60 गतिशील खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय सितारे, अमेरिका के क्रिकेटर और स्थानीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

### पुनेरी पल्टन से भिड़ेगी यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में यूपी योद्धाज 10 सितम्बर को रात 9:00 बजे विशाखापटनम के विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे और इस मैच को जीतकर वे जीत की पटरी पर वापसी चाहेंगे। अभी तक तीन मैचों से चार अंक जुटाकर योद्धाज अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने दो मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर, छह अंकों के साथ

पुनेरी पल्टन दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पांच मैच खेले हैं और पिछला मुकाबला पटना पाइरेट्स से 11 अंकों के अंतर से गंवाया है। नए सीजन की शुरुआत यूपी की टीम ने शानदार ढंग से की है। पहले तेलुगु टाइटंस और फिर पटना पाइरेट्स को हराने के बाद हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था। उनकी डिफेंस की मजबूती ने पूरे लीग के प्रतिद्वंद्वी कोचों का ध्यान खींचा है।

# सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध

- **इस प्रतिबंध के साथ सुआरेज की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ा दी गई है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

लीग ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोज. कों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितम्बर को चार्लोट एफसी, 16 सितम्बर को सिएटल और 20 सितम्बर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था।

उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवम्बर से

- **मदुरै और चेन्नई में जर्मनी दक्षिण अफ्रीका और भारत-चिली मैचों के साथ शुरुआत होगी**

**चेन्नई, वार्ता।** जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 28 नवम्बर को मदुरै में खिताब विजेता जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच होगा। भारत उसी दिन चिली के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसके अगले दिन पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कल रात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया, जिसमें एफआईएच




अध्यक्ष तैय्यब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी और यह तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। तैय्यब इकराम ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 के मैच कार्यक्रम का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक मील का पत्थर है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी, जो एफआईएच सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के तहत हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को रेखांकित करता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर अपने जुनून, दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

- **इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विज. ेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासि. चव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उस्मान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची, वार्ता।** उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमश: 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था, जो पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच भी साबित हुआ। उस्मान ने अपने दूसरे वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 2019 में अपने आखिरी से पहले वाले वनडे मैच में एक बार फिर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा पांच विकेट हॉल दर्ज किया। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वह 2018 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे।

### पाक नवम्बर में एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की कि पाकिस्तान नवम्बर में तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 11 से 15 नवम्बर तक राजधानी इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में खेली जाएगी। पीसीबी ने बताया कि श्रीलंका ने आखिरी बार 2019 में पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेजबान टीम ने 2-0 से जीत हासिल की थी। बोर्ड ने रविवार को यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान 17 से 29 नवम्बर तक श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसके मैच लाहौर और रावलपिंडी में होंगे।

# पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी: मोर्कल

- **टीम पूरी तरह तैयार है लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई पिच कैसी रहती है**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया




गया था। मोर्कल ने कहा कि हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं। स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलद. ीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

एशिया कप के पहले मैच के लिए भारतीय टीम में कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलद. ीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह शामिल हैं।

मोर्कल ने दोहराया कि कोचिंग स्टाफ उद्देश्यपूर्ण लक्ष्यों और सामरिक लचीलेपन के साथ प्रशिक्षण सत्रों पर ध्यान कें. द्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी पर नियंत्रण रख सकते हैं जिस पर हमारा नियंत्रण है। हमारी तैयारी और हम परिस्थितियों के अनुसार कैसे ढलते हैं।

# लद्दाख मैराथन -2025 में नया वैश्विक रिकॉर्ड बनाएगा

**लेह, वार्ता।** लद्दाख के ऊंचाई वाले रेगिस्तानों में ठंडी पहाड़ी हवाएं घुलने के साथ ही, लद्दाख मैराथन के 12वें संस्करण के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। इस वर्ष, यह आयोजन 11 से 14 सितम्बर तक इतिहास रचने के लिए तैयार है: भारत और 30 अन्य देशों के 6,600 से अधिक धावकों के ऊबड़-खाबड़ सड़कों और बर्फीले दर्रों पर दौड़ने की उम्मीद है, जो मैराथन के इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

2012 में अपनी शुरुआत के बाद से, लद्दाख मैराथन एक क्षेत्रीय दौड़ से एक वैश्विक तमाशे में विकसित हो गई है, जो हिमालय की पतली हवा और नाटकीय परिदृश्यों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक धीरज एथलीटों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करती है। हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और मैराथन के संस्थापक चेवांग मोटुप गोबा ने कहा कि लद्दाख द्वारा दुनिया को दिए गए उपहार के रूप में शुरू हुई यह दौड़ भारत की प्रमुख दौड़ों में से एक बन गई है। यह रिकॉर्ड भागीदारी इस आयोजन के वैश्विक आकर्षण और हमारे लोगों व हमारी धरती की पहचान बन चुकी दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। 2025 का संस्करण छह दौड़ों में रोमांच का वादा करता है। 11 सितम्बर को सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), 12 सितम्बर को खारद. ुंग ला चैलेंज (72 किमी), 13 सितम्बर को 'रन लद्दाख फॉर फन' 5 किमी, और 14 सितम्बर को 11.2 किमी दौड़, हाफ मैराथन (21 किमी), और फुल मैराथन (42.195 किमी)। हर दौड़ में न केवल गति बल्कि सहनशक्ति की भी परीक्षा होती है, क्योंकि धावक ऊंचे दर्रों, घुमावदार पहाड़ी रास्तों और लुभावने दृश्यों से गुजरते हैं। कॉर्पोरेट और सामुदायिक समर्थन इस मैराथन के आकर्षण को और बढ़ा देता है। स्निकर्स हंगर पार्टनर के रूप में एथलीटों को ऊर्जा प्रदान करता है, प्यूमा उन्हें अपैरल पार्टनर के रूप में तैयार करता है, और बिसलेरी हाइड्रेशन सुनिश्चित करता है। एनर्जल प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करता है, होटल ग्रैंड ड्रैगन आतिथ्य प्रदान करता है, एकॉर्ड अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखता है और बजाज आलियांज बीमा कवर प्रदान करता है।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है। पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पटि्यां बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।



- **ऋषभ पंत ने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांच के लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियां बंधी हुई है**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पटि्यां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया। हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं।

चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं। उनकी एक हालिया पोस्ट में लिखा था कि मैं आपको बस एक बात बताना चाहता हूं जो मैं समझता हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने पहले कितना दर्द सहा है, अगर आपको दोबारा चोट लगती है तो दर्द उतना ही होता है, बस सीमा बढ़ जाती है और आपको खुद को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पता चल जाती है। इसलिए सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है, खुद को प्रेरित करना बहुत कारगर होता है। खुद पर भरोसा रखें और उस दिशा में काम करते रहें जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं, क्योंकि जो आपको मारता नहीं है, वह आपको अंतत: मजबूत बनाता है।

### भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका।

कोई भी जोड़ी पदक मुक. ाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालि फिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

## सम्पादकीय

बुधवार, 10 सितम्बर 2025

# सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आग. जनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

**-जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

# श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल





**यशोदा श्रीवास्तव**

सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तो. हमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लो. कतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़ें लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहा. जा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रे. निया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफ्रीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय





**योगेश कुमार गोयल**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।

दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुता. बिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।


मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुता. बिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलावः भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोलेः व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राज. दूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिन. पिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली होः जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहाः दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहाः ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड़ के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### कांगो में खूनी हमलाः विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चाः संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

# यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबा. इल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहा. सिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफ़ायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

# मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

## देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।

दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवतः अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमे. रिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।



### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

# राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

## पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आग. जनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

# अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिक. ारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।



